दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO- UPBIL/2021/83001

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

KNLS Live
सम्पर्क करें:-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999 में
न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दम में

वर्ष :- 03 अंक :- 128 मुरादाबाद, 28 August 2023 (Monday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## संक्षिप्त समाचार

### छात्र की पिटाई का मामला: रद्द होगी स्कूल की मान्यता, शिक्षिका बोली- अभिभावक कहते थे मैडम सख्ती रखना



मुजफ्फरनगर जनपद के खुब्बापुर गांव के स्कूल में पांच का पहाड़ा न सुनाने पर छात्र को सहपाठियों से पिटवाने के मामले में शिक्षिका पर सवाल उठ रहे हैं। वहीं बीएसए ने नोटिस जारी करते हुए स्कूल की मान्यता रद्द करने के आदेश दिए हैं। मुजफ्फरनगर जनपद के खुब्बापुर गांव की शिक्षिका तृप्ति त्यागी सवालों के घेरे में है। अब वह कह रही हैं कि उन्हें अपने किए का पछतावा है, इसकी गलती भी स्वीकार कर ली है। मुस्लिम बच्चों को पढ़ाया, अभिभावक आते थे और कहते थे कि मैडम सख्ती रखना, हमें बच्चे कामयाब करने थे। बच्चों को अनुशासन में लाने के लिए सख्ती शुरू की। दिव्यांग हूं, कुर्सी से नहीं उठा जा रहा था। ऐसे में बच्चों से सजा दिलाई, लेकिन यह गलत हो गया। वायरल वीडियो की सच्चाई नहीं दिखाई गई। मैंने मुस्लिमों पर कोई टिप्पणी नहीं की। आम बोलचाल की भाषा में सिर्फ यह कहा कि जितनी भी %मोमडन (मुस्लिम) मां हैं, वो अपने बच्चों को लेकर मायके न जाएं। क्योंकि एग्जाम शुरू होने वाले हैं। इससे पढ़ाई में नुकसान होगा। क्योंकि बच्चे एग्जाम नहीं दे पाएंगे। मेरी मंशा गलत नहीं थी। बच्चे के पेरेंट्स की भी यही डिमांड थी कि इसे टाइट करो, ये पढ़ाई नहीं करता। लेकिन इस घटना के बाद मेरा माइंड अपसेट हो गया है। सोचती हूं, अब जियूं या न जियूं।

#### यह था मामला

खुब्बापुर गांव के नेहा पब्लिक स्कूल में शिक्षिका तृप्ति त्यागी ने पांच का पहाड़ा नहीं सुनाने पर अल्पसंख्यक समुदाय के यूकेजी के छात्र की सहपाठियों से बेरहमी से पिटाई करा दी। इसी दौरान जातीय टिप्पणी भी की गई। प्रकरण के दौरान पीड़ित छात्र के चचेरे भाई ने वीडियो बना ली। वीडियो के वायरल होते ही देशभर से प्रतिक्रियाएं आने लगी और शिक्षिका की गिरफ्तार की मांग उठती रही।

**अब तक क्या हुई कार्रवाई**

आरोपी शिक्षिका पर पुलिस ने एनसीआर दर्ज की है। बीएसए शुभम शुक्ला ने नोटिस जारी किया है। स्कूल की मान्यता रद्द की जाएगी।

## 'यह उत्सव भारत के विकास को गति देने के लिए', बी20 शिखर सम्मेलन में बोले PM मोदी




पीएम मोदी ने कहा कि यह उत्सव नवप्रवर्तन के बारे में है। यह उत्सव अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी की मदद से स्थिरता और समानता लाने के बारे में है। यह उत्सव भारत के विकास को गति देने के लिए है। उन्होंने कहा कि यही बी20 शिखर सम्मेलन की थीम है। भारत में चल रहे बी20 शिखर सम्मेलन में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल हुए। उन्होंने इस मौके पर कहा कि यह उत्सव भारत के विकास को गति देने के लिए है। यह उत्सव नवप्रवर्तन के बारे ब्20 बिजनेस समिट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इस बार भारत में त्योहारों का सीजन 23 अगस्त से शुरू हो गया है। यह जश्न चंद्रमा पर चंद्रयान के पहुंचने का है। भारत के चंद्र मिशन की सफलता में इस्रो ने अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि यह उत्सव भारत के विकास को गति देने के लिए है। यह उत्सव नवप्रवर्तन के बारे में है। यह उत्सव अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी की मदद से स्थिरता और समानता लाने के बारे में है।

### 150 से ज्यादा देशों को दवाएं कराईं उपलब्ध

उन्होंने कहा कि दो से तीन साल पहले हम सबसे बड़ी महामारी से गुजर रहे थे। इस महामारी ने हर देश, समाज, बिजनेस सेक्टर और कॉरपोरेट इकाई को एक सबक दिया, सबक यह दिया है कि हमें सबसे ज्यादा आपसी विश्वास पर निवेश करने की जरूरत है। कोरोना ने दुनिया में आपसी विश्वास को तहस नहस कर दिया है। इस दौरान जो देश पूरी सहनशीलता के साथ, विश्वास के साथ खड़ा है वो हैं भारत। कोविड के दौरान भारत ने 150 से ज्यादा देशों को दवाएं मुहैया कराई हैं।

### आर्थिक विकास को बढ़ावा देना लक्ष्य

इससे पहले पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर जानकारी दी थी कि आज बी20 समिट इंडिया 2023 को संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा था कि यह मंच व्यापार जगत में काम करने वाले हितधारकों की एक विस्तृत श्रृंखला को एक साथ ला रहा है। यह सबसे महत्वपूर्ण जी20 समूहों में से एक है, जिसका स्पष्ट ध्यान आर्थिक विकास को बढ़ावा देने पर है।

### 'ग्लोबल साउथ की चिंताओं पर ध्यान देने की जरूरत'

वहीं, पीएम मोदी से पहले सम्मेलन में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा था कि विकासशील देशों पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता उस समय अधिक महसूस हुई, जब दुनिया कोरोना महामारी से जूझ रही थी। उन्होंने कहा कि जी20 का मुख्य उद्देश्य आर्थिक वृद्धि और विकास को बढ़ावा देना है। इन उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के लिए ग्लोबल साउथ की महत्वपूर्ण चिंताओं पर बात करने की जरूरत है।

### उत्पादक के बजाय एक उपभोक्ता

उन्होंने आगे कहा था कि ग्लोबल साउथ एक उत्पादक के बजाय एक उपभोक्ता बनकर रह गया है। इसके कई कारण हैं जैसे- सब्सिडी, प्रौद्योगिकी, मानव संसाधन और रणनीतिक विकल्प। इन सभी वजहों से वह एक उपभोक्ता बनकर रह गया है।

## सांड के हमले से कोमा में गए युवक ने तोड़ा दम, पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने जताया दुख; किया ट्वीट



आगरा के कमला नगर स्थित महाराजा अग्रसेन रोड पर सांड के हमले में घायल युवक ने शनिवार को दम तोड़ दिया। वह हादसे के बाद 10 दिन से कोमा में थे। हादसे का वीडियो भी वायरल हुआ था। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। दूध लेने जाते वक्त महाराजा अग्रसेन रोड पर 16 अगस्त को सांड ने युवक को टक्कर मार दी थी। गंभीर घायलवस्था में युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 10 दिन कोमा में रहने के बाद युवक की मौत हो गई। कमला नगर एक्सटेंशन निवासी प्रशांत गुप्ता (32) एक मीडिया संस्थान में कार्यरत थे। वह 16 अगस्त की सुबह 6 बजे साइकिल से दूध लेने जा रहे थे। महाराजा अग्रसेन रोड पर सामने से भागते सांड ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी थी। इससे इनका सिर सड़क से टकरा गया और बेहोश हो गए थे। तत्काल परिजनों ने इनको अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने इनके कोमा में होने की जानकारी दी। इलाज से भी इनकी हालत में सुधार नहीं हुआ और शनिवार को इनकी मौत हो गई। इस पर सपा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने अपने ट्वीट में सांड के हमले में प्रशांत गुप्ता की मौत पर दुख व्यक्त किया है। ट्वीट करते हुआ लिखा है कि %सांड के हमले में एक वरिष्ठ पत्रकार की मृत्यु और अन्य लोगों के हताहत होने की ख़बरें दुखदायी हैं। मुख्यमंत्री जी के खुद के कार्यालय के लोग तक इनका शिकार होकर जान गंवा चुके हैं। अब आवारा पशुओं की समस्या जानलेवा समस्या बन गयी है। उप्र की सरकार या तो गंभीर कार्रवाई करे या इन मौतों की ज़िम्मेदारी ले। इस समस्या के लिए अफ़सरशाही की तैनाती सिर्फ़ दिखावटी उपचार है।% सांड के हमले में एक वरिष्ठ पत्रकार की मृत्यु और अन्य लोगों के हताहत होने की ख़बरें दुखदायी हैं। मुख्यमंत्री जी के खुद के कार्यालय के लोग तक इनका शिकार होकर जान गंवा चुके हैं। अब आवरा पशुओं की समस्या जानलेवा समस्या बन गयी है। उप्र की सरकार या तो गंभीर कार्रवाई करे या इन मौतों...

## भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा पहुंचे हरिद्वार, कार्यकर्ताओं के साथ सुनी पीएम के मन की बात



ऋषिकुल आयुर्वेदिक कालेज में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 104 वां लाइव प्रसारण भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व अन्य नेताओं की मौजूदगी में सुना।भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा एक दिवसीय दौरे हरिद्वार पहुंचे हैं। इस दौरान नड्डा लोकसभा चुनाव समेत अन्य चुनावों की तैयारियों की नब्ज टटोलेंगे। पार्टी ने नड्डा के दौरे के बहाने प्रदेश कोर कमेटी की बैठक आयोजित की है। जिसे नड्डा ने संबोधित किया। रविवार को जेपी नड्डा हरिद्वार में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इससे पहले जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष महेंद्र भट्ट समेत पार्टी के अधिकांश प्रमुख नेता ने उनका स्वागत किया। इसके बाद ऋषिकुल आयुर्वेदिक कालेज में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 104 वां लाइव प्रसारण भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व अन्य नेताओं की मौजूदगी में सुना। मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मिशन चंद्रयान 3 की सफलता को बहुत बड़ी सफलता बताया। उन्होंने कहा कि यह सब के प्रयास से ही सफलता मिली है। कहा कि यह मिशन नारी शक्ति का जीवंत उदाहरण है। कहा कि आज भारत की बेटियां अंतरिक्ष को चुनौती दे रही। वर्ल्ड यूनिवर्सिटी खेलों में 26 मेडल जीतने पर उन्होंने खिलाड़ियों को बधाई दी। कहा कि आज खेल के प्रति सोच बदल रही है। कहां कि संस्कृत को लेकर देश के लोगों में जागरूकता बढ़ी है। जी 20 को लेकर भारत पूरी तरह से तैयार है। 40 देशों के राष्ट्राध्यक्ष आ रहे हैं। उधर, भाजपा अध्यक्ष के हरिद्वार में पीएम मन की बात सुनने के कार्यक्रम में पहुंचने पर युवा कांग्रेस ने सवाल उठाए कहा कि प्रदेश में आपदा की स्थिति बनी है। बेरोजगारी के लिए कुछ नहीं हो रहा है। अंकित हत्याकांड में न्याय नहीं मिल रहा है। जेपी नड्डा पीएम के मन की बात सुनने के लिए आ रहे हैं। लेकिन पीएम और पीएम लोगों की समस्याओं का सुनने का समय नहीं है। इस पर भाजपा नेताओं का विरोध करने के लिए कॉलेज झंडे दिखाने जा रहे युवा कांग्रेस नेताओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। शाम को जेपी नड्डा वह एक होटल में प्रदेश कोर ग्रुप की बैठक लेंगे। इस दौरान प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम, सह प्रभारी रेखा वर्मा, प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार, हरिद्वार के सांसद डॉ. पोखरियाल निशंक समेत तकरीब सभी प्रमुख नेता मौजूद रहेंगे।

### तैयारियों का ले सकते हैं फीडबैक

कोर ग्रुप की बैठक में नड्डा लोकसभा चुनाव की सांगठनिक तैयारियों के बारे में फीडबैक ले सकते हैं। पार्टी ने हारी हुई 23 विधानसभा सीटों की जिम्मेदारी सांसदों को सौंपी है। नड्डा हर विधानसभा में 10 हजार नए वोटर बनाने के अभियान की प्रगति के बारे में जानकारी ले सकते हैं। बैठक में बागेश्वर उपचुनाव के अलावा निकाय चुनाव और सहकारिता चुनाव पर भी चर्चा हो सकती है।

## जनता दर्शन: मुख्यमंत्री योगी ने दिया भरोसा, बोले- जनसमस्याओं का निस्तारण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में फरियादियों को भरोसा दिलाया कि आपकी समस्याओं का निस्तारण करना हमारी प्राथमिकता है। इस संबंध में उन्होंने अफसरों को निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जनसमस्याओं का निस्तारण हमारी प्राथमिकता है। सीएम ने अधिकारियों को जनसमस्याओं के हर हाल में सुनवाई व निस्तारण के निर्देश दिए। रविवार को अपने सरकारी आवास पर जनता दर्शन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने आमजन से मुलाकात कर समस्याएं सुनीं।जनता दर्शन में प्रदेश के विभिन्न जिलों से लगभग 100 से अधिक फरियादियों की उपस्थिति रही। मुख्यमंत्री ने एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने हर किसी को आश्वस्त किया कि सबकी समस्या का निस्तारण कराना उनकी प्रतिबद्धता है। प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ मुख्यमंत्री ने आमजन को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है।इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी मदद की जाए।

किसी की जमीन पर कब्जा करने वाले और कमजोरों को परेशान करने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर भी पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने उन्हें भी भरोसा दिलाया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी।न्होंने हर किसी को आश्वस्त किया कि सबकी समस्या का निस्तारण कराना उनकी प्रतिबद्धता है। प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ मुख्यमंत्री ने आमजन को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है।इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी मदद की जाए। किसी की जमीन पर कब्जा करने वाले और कमजोरों को परेशान करने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर भी पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने उन्हें भी भरोसा दिलाया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी।

## संपादकीय Editorial

### India vs China in BRICS

The summit of BRICS countries was held in Johannesburg, the capital of South Africa, in which a unanimous decision was taken for its expansion and on the sidelines of the summit, Prime Minister Modi of India and President Xi Jinping of China had light, informal talks. The Modi-Xi handshake and communication on the Line of Actual Control (LAC) is diplomatically important. Thousands of soldiers of both the countries are deployed along the border of eastern Ladakh for a long time. Will definitely be in a state of tension and confrontation! The 19th round of talks are going on at the military level. In such a situation, if the top leadership of India-China talks about respect for LAC and indicates the idea of withdrawal of forces, then undoubtedly the tension can be reduced, but it has not been implemented on the ground. China is a very devious and cunning country. He repeatedly talks about the status quo of the forces. He also does a symbolic exercise of retreating the forces, but the military fronts are decorated and fortified from both sides. China's expansionist plans have been working. There have also been allegations of encroachment and occupation of India's land, but both the countries have been doing construction work.Actually why the knots of India and China do not open? China had occupied about 40,000 square kilometers of India's land after the 1962 war. Why doesn't China discuss it? When will all border disputes end? On what basis has China been considering Arunachal Pradesh as its territory? Why have there been incidents of hand-to-hand combat and even killing of soldiers in different areas? Prime Minister Modi and President Xi Jinping have now met on the platform of BRICS, so they may also meet during the summit of G-20 countries in New Delhi on 9-10 September. Some contradictions and versus positions have also appeared in BRICS. China and Russia were in favor of expansion of BRICS, but India, Brazil, South Africa wanted to churn for the time being. 22 countries of the world had applied for the membership of BRICS, but ultimately only 6 countries-Argentina, Iran, Egypt, Saudi Arabia, United Arab Emirates and Ethiopia-have been decided to be a part of BRICS. They will be a member of BRICS from January 1, 2024. China could not succeed in making Pakistan a member of BRICS. All the countries know its plans that how China had saved Pakistani terrorists by misusing the 'veto' in the Security Council. Discussions also continued that BRICS countries should have a common currency, but the joint statement revealed that BRICS countries would be able to trade with member countries in their own national currency. In fact, BRICS has become such a global platform, which is being discussed parallel to the group of G-7 countries, but if the disputes and tensions between powerful countries like India and China continue, then the unity of BRICS will also be questioned. Very aggressive and baseless politics has also been taking place in India regarding China's encroachments and occupations. The top leaders of both the countries meet and hold talks, but still China has been termed as India's 'enemy country'. It is a question of China's intention and policy. Disputes are not eternal, possession is. On the one hand, BRICS member countries want to make it a global platform for developing countries, where they can address their economic concerns and other concerns in view of the Corona epidemic and the Russia-Ukraine war, on the other hand, there is the situation and equation of India vs China, Then how will BRICS be able to change the world order? Actually India is a democracy and China is a dictatorship, so there is a fundamental difference in thinking and execution of decisions. However, Modi-Xi should keep shaking hands, maintain courtesy, consider bilateral relations.

# Mission Chandrayaan-3's success and ISRO's growing steps: We landed on the moon

Our smart messengers sent to the moon will study the atmosphere there, know the land, collect information. Someone will understand the chemistry there and someone will collect many important clues and send them to us and many of those secrets will be such that they can surprise us. Kissed the forehead of the moon or touched the chin. I don't know the technical side, but as soon as Chandrayaan-3 touched the moon, a lot happened inside the mind and outside the body, goosebumps stood up, eyelids fluttered, eyes sparkled. There was excitement in every Rome and with this the failure of Chandrayaan 2 was also remembered. Our qualified team of scientists tried.. kept trying. Stick to your intentions and we have seen success come from trying. We saw success smiling at us. Songs written on the moon were remembered. Poems came out, films, books, articles, essays all came to the fore. The beautiful pleasant combination of science and religion became the subject of our discussion. Astrological calculations, origin, history, existence of the moon were all reconstructed. Chandra, Moon, Aftab, Chandrama, Shashi, Mayank, Shashank, Sudhanshu, with all the names, the moon flickered on the tip of every pen. To reach the moon to reach the moon, it required the same patience, coolness and peace of mind that our scientific colleagues had. Now you will again see those smiling and shining faces, the dark circles under their eyes due to tireless work, how many people, how many minds, how many hearts, how many nights, how many days, how many moments, how many dreams, how many thoughts, all were sacrificed. Will be So many dreams must have been shattered, bad thoughts must have also been shattered. But holding on to his restraint and resolve, he must have cherished just one word, one feeling, one thought, one picture, Chandrayaan and only Chandrayaan. On 14th July also the heartbeat would have been fast and on 23rd August also there would have been uneasiness in the heart. Eyes must have been on the south pole of the moon. The joy of pride of becoming the first country could have been shattered in a moment, but look at the training of ISRO scientists who tied patience in their fists, how engrossing they were working. Just open your eyes. Keep the link of motivational books and videos and see how much can be learned from your own surroundings. Now that the little magicians of ISRO like Vikram and Pragyan and Rambha are in the courtyard of the moon, the long journey of 4 years and 40 days should also be remembered. However, our smart messengers sent to the moon will study the atmosphere there, know the land, gather information. Someone will understand the chemistry there and someone will collect many important clues and send them to us and many of those secrets will be such that they can surprise us. After all, what will be water, life or inertia there? The most difficult time of Chandrayaan campaign was to take the satellite into space and leave it and the second difficult time was to land it on the moon. After all, the miraculous success of 4 years thought and cherished brightened the faces of all the involved scientists as well as the countrymen and we all witnessed a wonderful moment. Now just pray that we get down to the moon, get such a rain soon.

# Hindu and not Muslim first person

A seven-year-old student of a primary school in Khubbupur village of Khatauli division of Muzaffarnagar district, Uttar Pradesh was treated the way his teacher treated him just because The way his teacher treated him just because he was a Muslim, not only has the whole of India bowed its head in shame, but the status of the entire teacher community has also sunk into the ground. Now the month of September is about to come and in this month the birthday of India's first Vice President and great philosopher Sarvepalli Dr. Radhakrishnan is celebrated as Teacher's Day in every school of the country. Apparently, Khubbupur's teacher Tripta Tyagi has done the work of bowing the neck of every teacher on this Teachers' Day. But has it happened all of a sudden? Politics in a democracy affects every level of life to the core because the final decisions affecting every aspect of the individual and society are taken by the political leadership from the bottom to the top. Therefore, the character of politics will be capable of mirroring the society and the people from top to bottom. Therefore, this incident of a primary school in a village in western Uttar Pradesh shows how today's politics has filled the hearts of common people with hatred or the 'phosphorus of hatred'. Hindu-Muslim politics has taken the mentality of the common man in its clutches in such a way that even the children of the man going to the schools are being punished on the basis of their religion. Shame on such schools and on those who run such schools who have made educational institutions den of communalism. From the very beginning, it is being implanted in the child's heart that because of being born in the house of Muslim parents, the other students with him will treat him differently and he will not be able to remember the table or be weak in maths. All the other students will first slap him and when his face turns red, they will hit him on the back. The teacher who got the students of her own class to do such work should first be caught by the police administration and sent to jail and criminal punishment should be imposed against her, all those sections of the law which are related to inciting communal hatred and making children violent Along with this, the state government should first take primary action and cancel the recognition of Neha Primary School whose owner and director and head teacher Trupti Tyagi. This incident is not normal because in the history of independent India, such incident has not been registered anywhere in the last 76 years in any primary level school. From this it can be known that how politics has thrown the Indian society into the fire of hatred and we are roaming around chanting 'Vasudhaiva Kutumbakam'. Just ask someone whether that Muslim student of the school had come to God's house with a request that Ya Allah give me birth in a Muslim's house. He was born in the house of a respectable citizen of India and therefore he has the same right to every facility of this country as a child born in a Hindu house. The Government of Uttar Pradesh does not give recognition to any school or school seeing that the children of Hindus or Muslims will study in it, rather it recognizes that the children of the citizens of India will study in it. Is it necessary that the child of a Muslim should be weak in studies. Even a child of a Hindu can be weak in studies. Will we then see his caste in that whether he belongs to forward caste or backward caste. The right to education has become a fundamental right till the teenage age in India. Every Hindu-Muslim child has the right to get education. But what is the fate that first the schools of education have been converted into profit making shops in the name of English medium and now they are being poisoned by Hindu-Muslim. This simply means that we are planting termites in the very foundation of India which we had with great difficulty kept out of Hindu-Muslim parochialism after independence in 1947 despite the fact that Muhammad Ali was killed on the basis of religion. Jinnah had made Pakistan. We vowed to run India under a constitution that was not Hindu-Muslim but 'the people of India'. These people took India to the moon in 75 years, but what a shame that we are now teaching these children in primary school that you are Hindu and Muslim. Western Uttar Pradesh himself. It has been the work place of Chaudhary Charan Singh, whose whole life was devoted to the political and cultural unity of every farmer, laborer and artisan living in the villages of this area, irrespective of their religion. Therefore it is to be expected that the people of this region will remain bound by the threads of their great cultural unity and this incident of Khubbupur will remain an exception. This area is known only for love, that's why the 'Jaggery' here is famous all over India. The people of this place have a different skill. "You walk with your feet on the ground, you walk with the sun in your eyes."

## The habit of negligence, the tendency to ignore rules and regulations is an obstacle in becoming a developed country

Just as the Railways cannot escape responsibility for the accident in Madurai, so cannot the passengers who boarded the bogie with cylinders. Passengers cannot be presumed not to be aware that carrying a cylinder in a train is a punishable offence. In fact, it is a bitter truth that the average Indian has become used to willfully ignoring safety rules and taking risks. The latest example of how ignorance of safety rules and willful negligence can lead to fatal consequences is the explosion of a gas cylinder in a train coach in Madurai, killing nine people. About 20 passengers have also been scorched in this incident. The incident could have been avoided if the carrying of the cylinder in the train bogie had been prevented. It is difficult to understand why railway staff did not stop passengers from carrying cylinders and that too when it is a clear rule that carrying inflammable material in train is strictly prohibited? Isn't it strange that the train reached Madurai from Lucknow, but during such a long distance, no railway worker noticed that the passengers were traveling with cylinders? It is clear that the Railway officials cannot absolve themselves of their duty merely by saying that the cylinder was illegally carried in the bogie of the train leading to the tragic accident. Admittedly, the people going on the pilgrimage had booked a full bogie, but is anyone allowed to carry anything in such a bogie? Railway rules say something else. Just as the Railways cannot escape responsibility for the accident in Madurai, so cannot the passengers who boarded the bogie with cylinders. Passengers cannot be presumed not to be aware that carrying a cylinder in a train is a punishable offence. In fact, it is a bitter truth that the average Indian has become used to willfully ignoring safety rules and taking risks. Safety rules are not violated only in trains. This work is done on roads and even on highways. While many two-wheeler drivers do not consider it necessary to wear helmets, many people driving cars do not wear seat belts. It is not only this. People drive at a speed exceeding the speed limit. Sometimes they even start driving in the opposite direction. Sometimes even at night. By doing so, they put their own lives as well as those of others at risk. If ever the police stop such people, then there are some people who, instead of admitting their mistake, become determined to fight. Freedom does not mean that one can do whatever one wants and even refuse to follow the rules and regulations. Unfortunately, this work is done a lot in our country and due to this, fatal accidents keep happening every day. It should be understood that lack of discipline and tendency to ignore rules and regulations in the average people is such a bad habit, which is an obstacle in making India a developed country.

# आयुर्वेद और चिकित्सा के महत्व पर सेमिनार का आयोजन किया गया

क्यूँ न लिखूँ सच
अफाक हुसैन



मुरादाबाद- संवेदना किड्स कॉटेज ने बच्चों के समग्र विकास में आयुर्वेद और चिकित्सा के महत्व विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में, डॉक्टर हरिदत ( पूर्व क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी), डॉक्टर आरके शर्मा ( क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी), डॉक्टर गौरव त्यागी (वरिष्ठ योग प्रशिक्षक आयुष मंत्रालय), यश चौधरी ( असिस्टेंट आफ के जी के मेडिकल कॉलेज ),कैप्टन डॉक्टर मीनू मेहरोत्रा जी मौजूद रहीं।सेमिनार एक सहयोगी मिशन था जो आयुर्वेद और योग की ताकत के माध्यम से मानसिक कल्याण के अवसर पर केंद्रित था। कार्यक्रम की शुरुआत हमारे संवेदियंस के प्रदर्शन से हुई, जिन्होंने योग की विभिन्न मुद्राएँ प्रस्तुत कीं, जिसके बाद हमारे मुख्य वक्ता डॉक्टर हरिदत्त (पूर्व क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी) एवं डॉक्टर आर के शर्मा ( क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी) का व्याख्यान हुआ, जिन्होंने इस बारे में हमारा मार्ग प्रशस्त किया कि कैसे आयुर्वेद आहार और अन्य के माध्यम से मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य की देखभाल करेगा। आयुर्वेद की लाभकारी जड़ी-बूटियों के बाद हमारे योग विशेषज्ञ श्री गौरव त्यागी सर (वरिष्ठ योग प्रशिक्षक आयुष मंत्रालय) का मार्गदर्शन मिला, जिन्होंने श्वसन , स्वास्थ्य और शरीर की समग्र प्रतिरक्षा में सुधार के लिए एक महान उपकरण के रूप में योग पर ध्यान केंद्रित किया, जो दोनों संक्रमण की रोकथाम में शामिल हैं। विशेषज्ञों की सलाह के बाद माता-पिता के प्रश्न सत्र का आयोजन किया गया, जहां उन्हें सम्मानित वक्ता द्वारा उनके पूछे गए प्रश्नों के लाभकारी उत्तर मिले। विद्यालय की निर्देशिका कैप्टन डॉक्टर मीनू मेहरोत्रा जी का मानना है कि बच्चों के तनाव को कम करने , संज्ञानात्मक कार्य और बच्चों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए आयुर्वेद और नियंत्रण समूह द्वारा योग अभ्यास एक सशक्त योगदान है । कार्यक्रम में आभार अभिव्यक्ति संवेदना की प्रधानाचार्य श्रीमती श्रुति गुप्ता जी द्वारा की गई , जिन्होंने मुख्य वक्ता को स्वस्थ शरीर और बच्चों के बौद्धिक और शारीरिक विकास के लिए जीवन को सकारात्मक रूप से जीने के लिए उनके विशेष मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संवेदना स्कूल के अभिभावकों, प्रभारी शाइस्ता मैडम, शिक्षिका मैम मुस्कान , बिस्मा , फकिया, अनम , सना , आदि शिक्षिकाओं ने अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान किया।



# दोस्तों ने ही की थी यूट्यूबर जितेंद्र की हत्या, पुलिस ने हत्यारोपियों को किया गिरफ्तार



मुरादाबाद। 24 घंटे पहले हुई कोतवाली ठाकुरद्वारा के रहने वाले यूट्यूबर जितेंद्र की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने हत्या में शामिल उसके दो दोस्त सुरेश और अरविंद को गिरफ्तार किया है। दोनों ने अपना गुनाह कबूल करते हुए कत्ल की वजह भी पुलिस को बताई है। यूट्यूबर पत्रकार जितेंद्र 24 अगस्त की शाम मोटरसाइकिल से थोड़ी देर में ही वापस लौटकर आने की बात कह कर अपने घर से निकला था। लेकिन जितेंद्र जब देर रात तक घर नहीं लौटा तो परिजनों ने कोतवाली ठाकुरद्वारा में पहुंचकर जितेंद्र की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। 25 तारीख को पुलिस को ठाकुरद्वारा कोतवाली इलाके के ही दुल्लापुर के एक गन्ने के खेत में अज्ञात शव मिलने की सूचना मिली थी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त करने का जब प्रयास किया तो पुलिस को पता चला कि एक दिन पहले से लापता जितेंद्र का अज्ञात मिले शव से मिल रहा है। पुलिस ने इस जानकारी के आधार पर जितेंद्र के परिजनों को मौके पर बुलाया। तब जितेंद्र के परिजनों ने अज्ञात मिले शव की शिनाख्त यूट्यूबर पत्रकार जितेंद्र के रूप में की। शिनाख्त के बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाकर जांच शुरू कर दी। जांच टीम को ग्रामीणों ने बताया कि जितेंद्र का सुरेश नाम के व्यक्ति से काफी दिनों से पैसे के लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा है। तब पुलिस ने जांच के लिए सुरेश को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो पहले तो सुरेश खुद को निर्दोष बताता रहा। लेकिन ,जब पुलिस ने सख्ती की तो पूछताछ में सुरेश टूट गया। सुरेश ने पुलिस को बताया कि जितेंद्र यूट्यूबर पत्रकार था। 4 महीने पहले जितेन्द्र उसकी कार से लखनऊ गया था। दोस्ती के नाते वह उसके साथ चला गया और उसने जितेंद्र से गाड़ी का किराया भी नहीं लिया। सिर्फ यह तय हुआ था कि जितेंद्र टोल टैक्स देगा और गाड़ी में जितना भी पेट्रोल खर्च होगा वह डलवाएगा। लखनऊ में जहां-जहां जितेंद्र ने सुरेश से चलने के लिए कहा वहां सुरेश गाड़ी लेकर गया। लेकिन इसी दौरान गौतम पल्ली थाना इलाके में सुरेश जितेंद्र के कहने पर उसे रोड पर गाड़ी ले गया जहां पर जाना माना था। इस पर गौतम पल्ली पुलिस ने उनकी गाड़ी को सीज कर दिया था, जिसके बाद वो लोग ट्रेन से वापस मुरादाबाद आ गए थे। उसके बाद सुरेश जब जितेंद्र से उसकी गाड़ी छुड़वाने के लिए कहा तो जितेंद्र हर बार उसकी बात को टाल देता था। सुरेश को लखनऊ से गाड़ी छुड़वाने में लगभग 70 से 80 हजार रुपए की ज़रूरत थी। उसने इस खर्च के बारे में जितेन्द्र को बताया भी था। लेकिन जितेंद्र उसे कोई पैसा नहीं दे रहा था। इस बात को लेकर जितेंद्र और सुरेश के बीच कई बार झगड़ा भी हुआ लेकिन कोई हल नहीं निकला था।24 अगस्त की रात को सुरेश अपने दोस्त अरविंद के साथ दुल्लापुर के पास सड़क पर अपने दोस्त अरविंद के साथ शराब पी रहा था। वहां से उसे मोटरसाइकिल से जितेन्द्र जाता हुआ नजर आया, तब उसने जितेंद्र को आवाज देकर रोक लिया। जितेंद्र के रुकने पर उसने पहले उसे शराब की दावत दी लेकिन जब जितेंद्र ने शराब पीने से इनकार किया तो फिर सुरेश और अरविंद ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दिया। सुरेश ने वहां पड़े एक भारी भरकम लकड़ी के डंडे से जितेन्द्र के सर पर ताबड़तोड़ कई बार कर दिए। जिससे जितेंद्र की मौत हो गई। अरविंद और सुरेश ने जितेंद्र का शव गन्ने के खेत में डाल दिया और मोटरसाइकिल भी दूसरे खेत में छुपा दी और जितेंद्र का पर्स और मोबाईल फ़ोन लेकर फरार हो गए।

# उ0प्र0 विधान परिषद की विधायी समाधिकार समिति के अध्यक्ष श्री वीरेन्द्र सिंह, मा0 सभापति की अध्यक्षता में सर्किट हाउस सभागार में समीक्षा बैठक सम्पन्न



मुरादाबाद- उ0प्र0 विधान परिषद की विधायी समाधिकार समिति के अध्यक्ष श्री वीरेन्द्र सिंह, मा0 सभापति की अध्यक्षता में सर्किट हाउस सभागार में समीक्षा बैठक आहूत हुई। बैठक में मा0 सभापति ने कहा कि मुरादाबाद जनपद अत्यन्त महत्वपूर्ण है, उद्योग के मामले में यह क्षेत्र विस्तृत है। सभी विभागों द्वारा अच्छा कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि मैं आशा करता हूं कि अधिकारीगण अच्छे से अच्छा कार्य करें जिसे जनता महसूस कर सके। बैठक में ग्राम्य विकास, लोक निर्माण, विद्युत विभाग, पंचायतीराज, पर्यटन, सिंचाई, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, परिवहन, बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा व स्वास्थ्य आदि विभागों की समीक्षा की गयी। बैठक में जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह ने विधायी समाधिकार समिति को अवगत कराया कि अभी तक जिला विकास समन्वयक निगरानी समिति (दिशा) की बैठक मा0 सांसद की अध्यक्षता में 2 बैठकें हो चुकी है। जिला योजना समिति के संबंध में जिलाधिकारी अवगत कराया कि जिला योजना की समीक्षा बैठक मा0 प्रभारी मंत्री जी की अध्यक्षता में बैठक की गयी थी, जिसमें विधान परिषद एवं विधान सभा के मा0 सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिला विद्युत समिति के संबंध में जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद मुरादाबाद के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों की विद्युत संबंधी समस्याओं का निराकरण मा0 सांसद की अध्यक्षता में आर0डी0एस0एस0, स्मार्ट सिटी, बिजनेस प्लान योजनाओं की प्रगति उपभोक्ताओं समक्ष आने वाली समस्याओं के निस्तारण के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में विधान परिषद एवं विधान सभा के मा0 सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिला स्तरीय सतर्कता मॉनीटरिंग समिति के संबंध में जिलाधिकारी ने कहा कि जिला स्तरीय सतर्कता और मॉनीटरिंग समिति की कुल 05 बैठकें हुई है। आयोजित बैठकों में विधान परिषद एवं विधान सभा के मा0 सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

जिलाधिकारी ने बताया कि मा0 सदस्य विधान परिषद बरेली-मुरादाबाद खण्ड स्नातक क्षेत्र उ0प्र0 डा0 जयपाल सिंह व्यस्त द्वारा ग्राम पंचायत गोवर्धनपुर विकास खण्ड मुढापाण्डे में अन्त्येष्टि स्थल का निर्माण कराए जाने के संबंध में प्राप्त प्रस्ताव पर ग्राम पंचायत गोवर्धनपुर का चयन करते हुए अन्त्येष्टि स्थल निर्माण की धनराशि अवमुक्त कर दी गयी। जिलाधिकारी यह भी अवगत कराया कि गन्ना व उद्योग के लिए मुरादाबाद प्रसिद्ध है। कोविड काल में मुरादाबाद का एक्सपोर्ट बढ़ा था जबकि अन्य जगह घटा था। उन्होंने बताया कि उद्योग बंधु की बैठक में उद्यमियों की समस्याओं को सुनकर उनकी समस्याओं का निराकरण भी किया जाता है। वृक्षारोपण के संबंध में बताया कि जनपद का लक्ष्य 22 लाख 72 हजार था जबकि 23 लाख से अधिक पौधारोपण किया गया है। जिलाधिकारी ने समिति को अवगत कराया कि जनपद में 14 गौशालाएं हैं जिसमें से 01 नगर निगम की है, 03 स्थायी, शेष आस्थायी गौशालाएं हैं। जिलाधिकारी ने विधायी समाधिकार समिति को अवगत कराया कि आपके आदेशों का शतप्रतिशत पालन किया जायेगा। विद्युत विभाग के संबंधित अधिकारी ने समिति को अवगत कराया कि किसानों को फसलों की सिंचाई के लिए ट्यूबवैलों को बिजली आपूर्ति 7-8 घण्टे आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने यह भी अवगत कराया कि मुरादाबाद शहर में 32 सब स्टेशनों द्वारा विद्युत आपूर्ति की जा रही है।

मुख्य चिकित्साधिकारी ने विधायी समाधिकार समिति को अवगत कराया कि आयुष्मान कार्ड में जिले की बेहतर स्थिति है और जिले में सभी दवाईयां उपलब्ध है। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने विधायी समाधिकार समिति को अवगत कराया कि कायाकल्प में प्रदेश में जनपद की 20वीं रैकिंग है, फर्नीचर, दिव्यांग शौचालय, बाउंड्रीवाल का कार्य है, यह जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा।

समीक्षा बैठक में विधायी समाधिकार समिति सदस्य श्री सुभाष यदुवंश, श्री रंजनीकांत माहेश्वरी, श्रीमती वन्दना वर्मा, विधायी समाधिकार समिति के अनु सचिव श्री सतीश कुमार यादव, विधायी समाधिकार समिति के समीक्षा अधिकारी श्री मंयक यादव सहित जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री गुलाब चन्द, सिटी मजिस्टेऊट किंशुक श्रीवास्तव, संयुक्त आयुक्त उद्योग श्री योगेश कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 कुलदीप सिंह, जिला विकास अधिकारी जी0बी0 पाठक, सचिव मुरादाबाद विकास प्राधिकरण श्रीमती मंजूलता, परियोजना निदेशक श्री सतीश प्रसाद मिश्र, डीएसटीओ मो0 परवेज एवं संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# न धूप की चिंता, न पांव के छालों की फिक्र, जुबां पर भोले ही भोले



मुरादाबाद-कांवड़ियों के मन में भोले की भक्ति की उमंग, हरिद्वार से जल भलकर लौटने वाले भी उत्साह में रहे मन में आस्था और भक्ति का जोश, फिर डगर में पैर में कंकड़ मिले या पत्थर परवाह नहीं। हरिद्वार और बृजघाट से गंगाजल भरकर ला रहे शिवभक्तों की आस्था के हिलोर के दम पर 200-250 किलोमीटर की दूरी तय करने पर जरा भी थकान नहीं। वह भोले बाबा की भक्ति की धुन में अपने गंतव्य की ओर बढ़ते जा रहे हैं। पीतलनगरी की सड़कों पर सावन और अधिमास में हर दिन यही जोश और जज्बा कांवड़ियों में दिखा। 59 दिन के श्रावण और अधिमास में इस बार आठ सोमवार पड़े हैं। इस दिन शिवालयों में देवो के देव महादेव का गंगाजल, बेलपत्र फूल आदि से अभिषेक करने के लिए कांवड़ियों का जत्था आगे ही बढ़ता जा रहा है। कोई अकेले ही बाबा की धुन में चल रहा है तो भक्तों का जत्था डीजे पर बज रहे गीतों पर हर हर महादेव का जयघोष करते हुए डग बढ़ा रहे हैं। कोई बरेली, कोई रामपुर, कोई मुरादाबाद तो कोई आसपास के अन्य जिलों से भले हैं। लेकिन जात-पात का भेदभाव श्रावण में पूरी तरह से मिट गया है। तन पर केसरिया रंग के वस्त्र, कांधे पर कांवड़ में गंगाजल लटकाए बच्चे, बुजुर्ग, युवा, महिलाएं तेज चाल से अपने कदमों को बढ़ा रहे हैं। उनके सिर पर कभी तेज धूप पड़ रही है तो कहीं थोड़ी सी छांव। किसी के पैर में छाले हैं तो किसी ने पैरों के मांसपेशियों में दर्द को दबाने के लिए बैंडेज लगा रखा है मगर कदम रुकने को तैयार नहीं। वह तो बस अपने आराध्य की भक्ति में लीन शिवालय पहुंच कर जलाभिषेक और पूजा अर्चना करने को बेचैन है। यह भाव किसी एक के नहीं हर शिवभक्त के मन और चेहरे पर दिखा।कांवड़ सेवा शिविरों और भंडारे में लोग भोले के भक्तों को प्रसाद देने के लिए आतुर हैं। शिवभक्तों की सेवा कर खुद को धन्य बनाने के लिए लोग कांवड़ियों के आगे पीछे फल, बोतलबंद पानी और प्रसाद लेकर आ रहे हैं। कोई ग्रहण करता तो कोई हाथ जोड़कर आगे बढ़ जाता। यह नजारा शिवभक्तों के रूप में भोलेनाथ की कृपा पाने की झलक दिखा रही थी। हरिद्वार से कांवड़ लेकर आ रहे रामपुर के राहुल, मनोज का कहना है कि भोलेनाथ की भक्ति की शक्ति में दूरी और रास्ते के कष्ट कोई मायने नहीं रखते। उनके प्रति अगाध आस्था है। इसलिए परिवार की सुख समृद्धि और लोक कल्याण की भावना के साथ कांवड़ लेकर जा रहे हैं। शिवालय पर भोले बाबा का गंगाजल से अभिषेक करने के लिए आगे बढ़ रहे हैं। मिलक के योगेंद्र और रवि भी अपनी मन्नतों को पूरा कराने की आस लेकर गंगाजल उठाए पांव के छाले की परवाह किए बिना भगवान शंकर की भक्ति में लीन होकर कदम बढ़ा रहे थे। कहा भोलेनाथ की कृपा से कांवड़ लेकर जाने की हमेशा इच्छा रहेगी।

**क्यूँ न लिखूँ सच**

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।**

**संपादक - नरेश राज शर्मा**

**मो. 9027776991**

**RNI NO- UPBIL/2021/83001**

**इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।**

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# क्रांति और प्रति क्रांति को समझना होगा:किशोर बौद्ध



क्यूँ न लिखूँ सच
बरेली /रिठौरा राष्ट्रीय बौद्ध महासभा की ओर से एक दिवसीय धम्म प्रशिक्षण शिविर का आयोजन ओशी बैंक्विट हॉल में किया गया । प्रशिक्षण शिविर के प्रथम सत्र को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय बौद्ध महासभा के आचार्य किशोर बौद्ध ने कहा कि हमें क्रांति और प्रति क्रांति को समझना होगा। बौद्ध धर्म दलितों का धर्म नहीं है। बौद्ध धर्म की विचारधारा सबसे श्रेष्ठ है। दुनिया में सबसे ज्यादा पूजा बुद्ध की होती है। डॉ भीमराव अंबेडकर ने गौतम बुद्ध और उनका धर्म नाम से किताब लिखकर बौद्ध धर्म के मानने वालों को एक पवित्र ग्रंथ प्रदान किया। डॉ भीमराव अंबेडकर ने कहा है कि बिना हिंसा का सहारा लिए अछूतों की गरीबी दूर की जा सकती है। बुद्ध की विचारधारा के तहत यह सब हुआ है। हमें दूसरों से श्रेष्ठ लोग तैयार करने होंगे। डॉ भीमराव अंबेडकर ने आदर्श समाज की कल्पना की थी जहां पर समानता, स्वतंत्रता, बंधुत्व और न्याय हो, न्याय के समक्ष सब बराबर हों। लोकतंत्र और नैतिकता हो । प्रशिक्षण शिविर के दूसरे सत्र को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री और राष्ट्रीय बौद्ध महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राजाराम आनंद ने कहा कि बौद्ध धर्म वैज्ञानिक धर्म है। बुद्ध ने नए समाज का निर्माण किया। 6 साल की कठिन साधना के बाद बुद्ध को ज्ञान प्राप्त हुआ। राष्ट्रीय बौद्ध महासभा का उद्देश्य आदर्श समाज का निर्माण करना है। इसके लिए हम प्रदेश के प्रत्येक मंडल में ऐसे ही धर्म प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन कर रहे हैं।धम्म प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत बुद्ध वंदना से हुई। प्रशिक्षण शिविर का संचालन राष्ट्रीय बौद्ध महासभा के मंडल संयोजक धीर सिंह बौद्ध ने किया तथा अध्यक्षता एडवोकेट हरीश कुमार सत्यार्थी ने की।धम्म प्रशिक्षण शिविर में समता सैनिक दल के पूर्व जिला प्रवक्ता एडवोकेट जसवीर सिंह राणा, ,सुशील कुमार निगम, एडवोकेट संजय कुमार वर्मा, महावीर प्रसाद बौद्ध, जागन सिंह राकेश, दीपा आर्या, सुमनलता बौद्ध ,विक्रम यशवंत राव,नीलम बौद्ध, आदि उपस्थित रहे।

# विंध्य विकास पुरुष पूर्व मंत्री राजेंद्र शुक्ला एवं रीवा विधायक को कैबिनेट मंत्री बनाए जाने पर हार्दिक स्वागत अभिनंदन-प्रबोध व्यास

क्यूँ न लिखूँ सच
प्रदीप कुमार तिवारी
रीवा - पूर्व मंत्री एवं रीवा विधायक राजेंद्र शुक्ला जी को कैबिनेट मंत्री बनाए जाने पर रीवा में उमड़ा जन सैलाब जनता जनार्दन का रोड शो जगह-जगह पंडाल लगाकर किया गया भव्य स्वागत फूलमाला बुके से किया गया सम्मान एवं मिल रहा भारी जन समर्थन आपको बताते चलें

कि भोपाल से मैहर के रास्ते रीवा पहुंचने तक जगह-जगह स्वागत अभिनंदन किया गया इसी कड़ी में प्रबोध व्यास जी अपने सभी पदाधिकारी के साथ जय स्तंभ चौक से लेकर अपने कार्यक्रम स्थल तक ले जा कर कैबिनेट मंत्री जी का सम्मान किया गया इसी कड़ी में भारतीय जनता पार्टी के



सभी पदाधिकारी एक झलक पाने के लिए आतुर थे इस कार्यक्रम में सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं का सहयोग रहा जिसमें मुख्य रूप से ऋषि शुक्ला अंबुज रजक पार्षद नरेंद्र गुप्ता कमलेश सचदेवा सरस्वती गुप्ता उमा पटेल संजय सुकेतु मिश्रा मुकेश वैभव श्रीवास्तव निर्मला उपाध्याय शशि गुप्ता साधना गुप्ता रजनी गुप्ता कंचन शुक्ला कमला तिवारी कबीर पासा अंजू गुप्ता जिला मीडिया प्रभारी मौजूद एवं सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे

# नवागत प्राचार्य जगजीवन भारती का पदभार ग्रहण



क्यूँ न लिखूँ सच
प्रदीप कुमार तिवारी
सिंगरौली जिले के चितरंगी विकासखंड में उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चितरंगी के नवागत प्राचार्य श्री जगजीवन भारती जी ने शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चितरंगी में पदभार ग्रहण किया शिक्षा विभाग द्वारा जगजीवन भारती के ऊपर भरोसा जताते हुए उज्ज्वल भविष्य कि कामना कि गई हैं,इस मौके पर प्रभारी प्राचार्य श्री एल डी यादव, सीएसी श्री उर्मिलेश पांडे, श्री मजीदमोहमद खान,श्री गजाधर वैस्य और विद्यालय के स्टाफ उपस्थित रहे जगजीवन भारती के पद ग्रहण समारोह में अभिभावक जन के साथ साथ छात्र छात्राओं में खुशी का माहौल व्याप्त है वहीं जगजीवन भारती ने क्षेत्र के लोगों के साथ साथ शिक्षा विभाग का आभार व्यक्त किया है

# मध्य प्रदेश का लाल देश के लिए शहीद, नम आंखों से दी गई मां भारती के सच्चे सपूत को अंतिम विदाई

क्यूँ न लिखूँ सच
शिवकुमार मिश्र
सतना - मध्य प्रदेश के सतना जिले के कोटर तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत करही कला के लाल विवेक पांडे देश के लिए शहीद हो गया है आर्मी के जवान आर्मी के जवान रामपुर बघेलान विधानसभा क्षेत्र के कोटर तहसील क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत करही कला में नम आंखो ने अंतिम विदाई दी गई मां भारती के सच्चे सपूत की एक झलक पाने के लिए पूरा क्षेत्र उमर पड़ा पार्थिव शरीर के पहुंचते ही विवेक पांडे जिंदाबाद के नारे लगे सेना के अफसर से लेकर भाजपा एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की आंखों से की नम आंखों से शहीद को श्रद्धा सुमन श्रद्धांजलि दी गई क्षेत्र के विधायक विक्रम सिंह विकी ने एवं कांग्रेस पार्टी मध्य प्रदेश प्रदेश के महासचिव सुधीर सिंह तोमर, रामपुर बघेलान जनपद पंचायत वार्ड क्रमांक 1 के सदस्य प्रशांत सिंह लखनवाह, कांग्रेस पार्टी के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रमाशंकर पयासी , सज्जन सिंह तिवारी, कमलेंद्र सिंह कमलू,इंजीनियर विक्रम सिंह खोहर. थाना प्रभारी कोटर रवीन्द्र द्विवेदी अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं मीडिया कर्मियों.पत्रकारों. समाजसेवियों .प्रबुद्ध गणमान्य नागरिकों एवं आसपास के ग्रामों के ग्रामीणों .सगे संबंधियों रिश्तेदारों .घर के परिजनों ने .साथियों ने वीर सच्चे सपूत को श्रद्धांजलि अर्पित की परिजनों का रो रो कर बुरा



हाल है शहीद को सैनिक सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया बता दें की सेना के जवान विवेक पांडे का पार्थिव शरीर दिल्ली आर्मी हेडक्वार्टर से ग्रह ग्राम करही कला शनिवार की सुबह 9-00 बजे पहुंचा पार्थिव शरीर दिल्ली से उनके बड़े भाई और जनपद सदस्य प्रशांत सिंह लखनवाह दिल्ली से पार्थिव शरीर को लेकर गृह ग्राम करही कला सुबह 9पहुंचे यहां पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन करने के लिए रखा गया

पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन करने के लिए लोगों का ग्रामीणों का जन सैलाब टूट पड़ा कम से कम 10000 ग्रामीण आम जनमानस समुदाय पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए इकट्ठा थे विवेक पांडे अमर रहे भारत माता की जय उद्घोष के साथ अंतिम विदाई दी गई सेना के अफसर ने बताया कि 25 वर्षी विवेक पांडे 7 साल पहले ही इंडियन आर्मी के मेडिकल कोर में भर्ती हुए थे विश्वस्त सूत्रो से पता चला है की सेना ने शहीद घोषित नहीं किया है दिल्ली में सड़क हादसे में घायल होने पर अस्पताल में इलाज के दौरान हुआ निधन सैनिक सम्मान के साथ होगा अंतिम संस्कार शहीद सम्मान का फोटो कॉल नहीं9-00 घर मे हाहाकार मचा हुआ है और विवेक पांडे का पार्थिव शरीर गांव मे सेना के जवानों के द्वारा लाया गया शहीद के अंतिम दर्शन के लिए जन सैलाब उमड़ा हर व्यक्ति की आंखें नम हो गई और जयकारे उद्घोष से गूंज उठा कि जब तक सूरज चांद रहेगा विवेक तुम्हारा नाम रहेगा जैसे नारे गूंज उठे शहीद के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया जिले के अफसरो ने शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की इसके बाद राजकीय सम्मान के साथ शहीद विवेक पांडे का अंतिम संस्कार किया गया बीते 19 अगस्त को एक ए एल एस वहां ले निरमा की ओर एक काफिले के हिस्से के रूप में जा रहा था वह क्यारी से 9 किलोमीटर पहले घाटी में फिसल कर 60 फीट गहरी खाई में गिर गया इस वाहन में विवेक सहित 10 जवान मौजूद थे जिनमें से 9 की जान घटना स्थल पर चली गई थी बुरी तरह से घायल विवेक को सेना के एयरलाइंस के जरिए दिल्ली के अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां पर गुरुवार की रात 1-15 में उन्होंने अंतिम सांस ली घर के परिजनों से मिली जानकारी अनुसार चार भाई बहनों में से विवेक तीसरे नंबर का है बड़े भाई आशीष पांडे गांव में ही रहते हैं वहीं दोनों बहनों की शादी हो चुकी है घर में विवेक बस अविवाहित था विवेक की शादी भी तय हो चुकी थी और इसी साल दिसंबर में होने वाली थी विवेक का चचेरा भाई इंद्रमणि पांडे भी फौज में है जो हाल ही में साउथ अफ्रीका में मिशन ड्यूटी पूरा कर लौटा है विवेक पांडे के पिता राम लखन पांडे कर्नाटक के एक मंदिर में पुजारी हैं मां रुक्मणी पांडे ग्रहणी है और बड़े भाई आशीष पांडे गांव में ही रहकर खेती किसानी करते हैं विवेक चार संतानों में से तीसरे नंबर पर थे

# चांचौड़ा विधायक लक्ष्मण सिंह बोले कांग्रेस पार्टी को मिलेगी 140 सीट




क्यूँ न लिखूँ सच
प्रदीप कुमार तिवारी
गुना जिले के चाचौड़ा विधानसभा क्षेत्र के वर्तमान कांग्रेस विधायक लक्ष्मण सिंह जी के द्वारा कुंभराज में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं की मीटिंग ली गई जिसमें प्रेस वार्ता के दौरान कि आपके द्वारा चाचोडा,को जिला बनाने के लिए काफी प्रयास किया गया है एवं यहां की जनता की मांग है की चाचौड़ा जिला बनना चाहिए क्या कांग्रेस सरकार बनती है तो चाचोडा को जिला बनाया,जाएगा तो उन्होंने बोला कि कांग्रेस सरकार केबिनेट,में चाचोडा को जिला घोषित कर दिया गया पहले ही लेकिन शिवराज सिंह चौहान मुख्यमंत्री बने उन्होंने जिला नहीं बनाया है जैसे ही कांग्रेस की सरकार बनेगी तत्तकाल, चाचोडा,को जिला बनाया जाएगा पक्का है प्रेस वार्ता के दौरान उनसे पूछा गया कि आपका भाजपा उम्मीदवार प्रियंका ,पेची,से मुकाबला है तो चुनाव को लेकर आपकी क्या तैयारी तो उन्होंने जवाब दिया कि हमारी 12 महीना तैयारी रहती है हमारे सारे कार्यकर्ता चुनाव मुकाबले के लिए तैयार है

# उर्वरकों को बिना वास्तविक बिक्री किये उसको फर्जी तरीके से कृषकों की बायोमेट्रिक करवाकर पी0ओ0एस0 मशीन से बिक्री करने पर होगी कार्यवाही



क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा
एटा-जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल के निर्देशन में जिला कृषि अधिकारी मनवीर सिंह ने सूचित किया है कि विभिन्न स्त्रोतों से जानकारी प्राप्त हो रही है कि कतिपय कम्पनियां एवं थोक उर्वरक विक्रेता यूरिया, डी0ए0पी0, एस0एस0पी0 एवं एन0पी0के0 उर्वरकों को शीघ्र बिक्री करने पर इन्सेन्टिव देने का प्रलोभन दे रही हैं,

इसलिए फुटकर उर्वरक विक्रेताओं के द्वारा उर्वरकों को बिना वास्तविक बिक्री किये उसको फर्जी तरीके से जान पहचान वाले कृषकों की बायो मेंट्रिक करवाकर पी0ओ0एस0 मशीन से बिक्री की जा रही है। डीएओ ने जिले के सभी फुटकर, खुदरा उर्वरक विक्रेताओं को सचेत किया है कि वह किसी प्रकार के प्रलोभन में आकर न तो फर्जी तरीके से उर्वरकों को अपनी आई0एफ0एम0एस0 आई0डी0 में प्राप्त करें और न ही फर्जी तरीके अपनाकर अवास्तविक किसानों को अपनी उनकी बायो मेट्रिक लगवाकर फर्जी बिक्री करें। कार्यवाही के बचाव हेतु जनपद के समस्त कृषकों, गैर कृषकों से अनुरोध है कि वास्तव में जितना उर्वरक आपके द्वारा खरीदा गया है उतनी ही संख्या में आधार कार्ड द्वारा पॉस मशीन से खारिज करायें, किसी भी उर्वरक विक्रेता के बहकावे में आकर अपने आधार कार्ड से पॉस मशीन से फर्जी उर्वरक खारिज न करें। उन्होंने कहा कि सभी तहसीलों में उर्वरक निरीक्षकों के द्वारा सघन चेकिंग करायी जा रही है। जिसमें यदि किसी विक्रेता के यहां पी0ओ0एस0 में उपलब्ध स्टॉक से वास्तविक/भौतिक रूप से उपलब्ध स्टॉक से मिलान करने पर भिन्नता पायी जाती है, तो उसके विरूद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश-1985 की सुसंगत धाराओं में कार्यवाही कर दी जायेगी।

# भारतीय किसान यूनियन भानू राष्ट्रीय अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह

क्यूँ न लिखूँ सच
लवकुश ठाकुर
अलीगढ़ के द्वारा दानिश मलिक को जिला अध्यक्ष छात्र संघ मोर्चा भारतीय किसान यूनियन भानू में नियुक्त किया गया जिसके लिए भारतीय किसान यूनियन अलीगढ़ जिला कमेटी हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन करती है व दानिश मलिक कि भारतीय किसान




यूनियन परिवार को दिन दो गुना रात चौगुन बढ़ाने के लिए संघर्ष हेतु छात्र संघ जिला अध्यक्ष अलीगढ़ नानऊ कार्यालय पर नियुक्त किया

# आपरेशन मुस्कान के अंतर्गत थाना शाहनगर पुलिस द्वारा अपहृत बालक को सकुशल किया गया दस्तयाब

क्यूँ न लिखूँ सच
घनश्याम शर्मा
पन्ना - अपहृत बालक को वापस पाकर परिजनो के चेहरो पर लौटी मुस्कान, पुलिस टीम को दिया धन्यवाद पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा प्रदेश स्तर पर चलाये जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साईं कृष्णा एस. थोटा द्वारा पन्ना जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अपहृत बालक/बालिकाओं की अधिक से अधिक दस्तयाबी किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था ।पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा दिये गये निर्देशो के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह एवं समस्त अनुविभागीय अधिकारियों के मार्गदर्शन में जिले के प्रत्येक थाने में थाना प्रभारियों के नेतृत्व में थाना स्तर पर पुलिस टीमों का गठन किया गया है । इसी तारतम्य में




थाना शाहनगर में दिनांक 23.08.2023 को फरियादी गुटिया कोरी पिता स्वर्गीय श्री पुसौवा कोरी उम्र 70 साल निवासी बिसानी द्वारा रिपोर्ट की गई कि मेरा नाती बृजेश कोरी उम्र 12 साल 7 माह का दिनांक 23.8.2023 को दोपहर करीब 2.30 बजे गांव के ही हायर सेकंडरी स्कूल बिसानी से कहीं चला गया । मुझे शंका है कि कोई अज्ञात व्यक्ति मेरे नाती को बहला फुसला कर अपने साथ ले गया है । फरियादी की रिपोर्ट पर थाना शाहनगर में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध क्र. 176/23 धारा 363 भादवि का पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया । थाना प्रभारी शाहनगर उनि घनश्याम प्रसाद मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा लगातार अपहृत बालक की तलाश की गई एवं घटना की गंभीरता को देखते हुये घटना के हालातों से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया ।वरिष्ठ अधिकारियो के उचित दिशा निर्देशन में थाना प्रभारी शाहनगर द्वारा अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया जिसके फलस्वरूप दिनांक 26.08.2023 मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा मामले के अपहृत बालक दस्तयाव किया जाकर परिजनों के सुपुर्द किया गया । अपहृत बालक को अपने पास वापस पाकर परिजनों द्वारा मुस्कान के साथ पुलिस टीम को दिया गया धन्यवाद ।उपरोक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी शाहनगर घनश्याम प्रसाद मिश्रा ,उपनिरीक्षक मेघा मिश्रा , उप निरीक्षक संतोष सिंह मसराम,सहायक उपनिरीक्षक राघवेंद्र प्रधान,प्रधान आरक्षक ईदुल बख्श,प्रधान आरक्षक हेमंत रावत,प्रधान आरक्षक राजकुमार शुकला,आरक्षक नितेश असाठी,आरक्षक बृजेंद्र सिंह पायक की सराहनीय भूमिका रही।

# मऊगंज की सेवा में खरे उतरते नज़र आ रहे बन्ना- मिश्रा

क्यूँ न लिखूँ सच
प्रदीप कुमार तिवारी
रीवा, मऊगंज- मध्यप्रदेश के 53वे जिले के रूप में अस्तित्व में आने के बाद मऊगंज जिले की चर्चा उस वक्त संपूर्ण प्रदेष में तेजी से फैली जब 22 अगस्त को मऊगंज पूर्व विधायक सुखेंद्र सिंह बन्ना द्वारा विशाल जनसमूह को प्रशस्ति पत्र प्रदान करने के लिए मऊगंज में जनता को आमंत्रित किया। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा युवा मोर्चा रीवा के संभागीय अध्यक्ष,युवक कांग्रेस जिला सचिव पी.यश मिश्रा ने बताया कि मऊगंज जिला आज सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में चर्चा का विषय बना हुआ कि चुनाव के सिर्फ कुछ वक्त पूर्व मुख्यमंत्री को जिला मऊगंज बनाना निश्चीत ही मऊगंज की समस्त जनता जनार्दन के संघर्षों की जीत हैं। विगत 22 अगस्त को मऊगंज के जनपद प्रांगण में आमंत्रित जनसमूह पूर्व विधायक बन्ना की लोकप्रियता में चार चांद लगा दिया, और बन्ना ने मऊगंज के उत्थान के लिए अनवरत लड़ाई जारी रखने का ऐलान संपूर्ण जिले की जनता जनार्दन और प्रशासन के सामने किया। उमड़ा जनसैलाब



भरे बरसात में अपने नेता कि बात को सुना और अपने नेता की आवाज़ को बुलंद करने के लिए शासन,प्रशासन को आगाह किया। मिश्रा ने बताया कि मऊगंज जनता के सुख, दु:ख में शामिल होने की अनवरत 28 वर्षों की जनसेवा पूर्व कांग्रेस विधायक मऊगंज सुखेंद्र सिंह बन्ना का शक्ति प्रदर्शन को भी प्रदर्शित किया !मऊगंज की जनता श्री बन्ना को अपना नेता मानकर आगामी विधानसभा चुनाव 2023में भारी बहुमत से मऊगंज से जीत दिलाने का काम करेंगी।

ताज़ा खबरों के लिए देखे
WWW.KNLSLIVE.COM

# नगर पालिका आष्टा अतिक्रमण दस्ते की प्रभावी कार्यवाही 11 तखत जप्त किए, दुकानों के शामियाने भी तोड

क्यूँ न लिखूँ सच
प्रदीप कुमार तिवारी



आष्टा। पुराना इंदौर-भोपाल राजमार्ग दरगाह के आगे स्थित शराब ठेके के आसपास अतिक्रमण दस्ते ने दो बार जाकर चलानी कार्यवाही कर दुकानदारों को चेतावनी दी थी, इसके बावजूद भी वह समझे नही। फलस्वरूप सीएमओ राजेश सक्सेना ने अतिक्रमण प्रभारी अजय द्विवेदी को सांयकाल सख्त गोपनीय छापामार कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे।

आसपास के रहवासियों को भी भारी जमघट लगा रहने से परेशानी होती थी, जिसके कारण नगरपालिका द्वारा सख्त कदम उठाया गया। सीएमओ राजेश सक्सेना के आदेश के पालन में अतिक्रमण प्रभारी अजय द्विवेदी ने नगरपालिका के ट्रेक्टर, ट्राली, लेबर सहित शराब ठेके के बाहर धावा बोला। स्थल पर गुमठियां, दुकानदारों ने तखत रखकर शराब पीने वालों को सुविधा प्रदान करते थे, ऐसे 10 तखत जप्त किए, एक टूटा तखत भी उठाया गया। सभी दुकानदारों ने बांस, बल्ली लगाकर पॉलीथिन से दुकान की सुरक्षा के लिए पूरा ढांचा तैयार कर रखा था, पूरे शामियाने को अतिक्रमण दस्ते द्वारा उखाड़ दिया गया। दुकानों के ओटले तोड़ दिए। पुलिस का वाहन भी मौके पर सुरक्षा के लिए उपस्थित था। सीएमओ श्री सक्सेना ने सभी नगरवासियों, दुकानदारों से अपील की है कि वे स्वत: अपना अतिक्रमण हटा लेवे, कोई ऐसा अतिक्रमण न करें जिससे जनसामान्य को परेशानी हो। अतिक्रमण प्रभारी श्री द्विवेदी ने कहा कि किसी का भी अतिक्रमण हो उसे हटाया जाएगा, बिना दबाव एवं भेदभाव के कार्यवाही की जाएगी। नगरपालिका द्वारा की गई सख्त कार्यवाही के चलते जहां शराब दुकान के समीप व आसपास का क्षेत्र शराबियों से गुलजार हुआ करता था, अब वह मैदान वीरान सा नजर आने लगा है। अतिक्रमण कार्यवाही के दौरान, थाना प्रभारी उपेन्द्रसिंह राठौर, अतिक्रमण प्रभारी अजय द्विवेदी, समयपाल आकाश चैहान, दरोगा विनोद सांगते, जमादार पप्पू खरे, रमेश यादव, संजय शर्मा, हरनाथसिंह मालवीय, रोहित सोनी, अकबर खां के साथ ही नपा के कर्मचारी व पुलिस बल शामिल थे।

# विश्व संवाद केंद्र पत्रिका सदस्यों के साथ श्री सुरेश जी द्वारा एक बैठक संबोधित की गई

क्यूँ न लिखूँ सच
शेर सिंह



बरेली-संघ कार्यालय पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रचार विभाग द्वारा संवाददाताओं व विश्व संवाद केंद्र पत्रिका सदस्यों के साथ श्री सुरेश जी द्वारा एक बैठक संबोधित की गई। बैठक में श्री सुरेश जी, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने विश्व संवाद केंद्र, प्रचार विभाग के आयमो पर वृहद पाथेय प्रदान की व विभिन्न पत्रकारों से वार्ता की, उनके प्रश्नों का उत्तर भी दिया। सुरेश जी ने बताया कि संघ 100 वर्ष पूर्ण करने जा रहा है। संघ निरंतर सामाजिक कार्यों व राष्ट्र सेवा में निस्वार्थ भाव से लगा हुआ है। समाज और सोशल मीडिया में व्याप्त सामाजिक कुरीतियां अश्लीलता, सामाजिक वैमनस्थता, ऊंच नीच, भेदभाव को जड़ से खत्म करने के लिए संघ प्रचार विभाग तथा उसके विभिन्न आयामो के द्वारा समाज को जागरुक कर रहा है। जिससे हम एक राष्ट्र को समर्पित उच्च व्यक्तित्व निर्माण कर सकें। संघ के प्रचार विभाग में मुख्य आठ आयाम इस कार्य में निरंतर प्रयासरत हैं।उनमें प्रचार के मुख्य आठ आयाम जागरण पत्रिका, बृज संवाद पत्रिका, साहित्य विक्रय, सोशल मीडिया, मीडिया संवाद, कंटेंट जेनरेशन, फिल्म आयाम, स्तंभ लेखन के द्वारा समाज तक सही विचारों को पहुंचाने का कार्य हो रहा है। राष्ट्र व समाज के उच्च विचार जन-जन तक मासिक साप्ताहिक व प्रतिदिन प्रिंट, ऑनलाइन, ऑफ लाइन रूप में पहुंचाए जा रहे हैं। समाज में फैलाई जा रहे सुनियोजित नॅरेटिव को समझने, प्रतिक्रिया में सक्षम बनाने हेतु भी संघ कार्यरत है। आज की बैठक में पाथेय श्री सुरेश जी प्रांत कार्यकारिणी सदस्य, श्री भद्रपाल जी सह विभाग कार्यवाह, जिला प्रचारक श्री गोविंद बिहारी जी जिला कार्यवाहक श्री कृष्ण पाल जी, शाहजीपुर व धनपाल जी, शेर सिंह जी, रामपाल जी, पुष्प कुमार जी, आदि स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# यज्ञ,काव्य समागम एवं प्रीति भोज आयोजित किया



क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा-यज्ञ तीर्थ आर्ष गुरुकुल एटा में न्यू मॉर्निंग क्लब के सौजन्य से यज्ञ,काव्य समागम एवं प्रीति भोज आयोजित किया गया.आचार्य भीष्मदेव और गुरुकुल के ब्रह्मचारियों ने सस्वर वेद मंत्रों से आहुतियां लगवाईं,डॉ अवनीश कुमार ने गुरुकुल की ओर से आभार व्यक्त किया.इसके पश्चात कवि श्री दिनेश प्रताप चौहान,राजेश चंद्र जैन,राकेश शम्श,डॉ विजय राघव,मुरारीलाल मानव,महेश मंजुल,रामौतार आर्य,सुधीर पालीवाल,दिनेश बंधु,अशोक चौहान ने काव्य पाठ किया.क्लब के सम्मानित सदस्य श्री सुरेन्द्र गुप्ता,रूप सिंह चौहान, दिनेश पालीवाल, के.पी.गुप्ता, राकेश गुप्ता, लालबहादुर सक्सेना, प्रदीप गुप्ता,सत्यदेव गुप्ता फौजी, मनोज वार्ष्णेय,राजू गुप्ता,अनूप सक्सेना,सोनू गुप्ता,अजय उपाध्याय टीटू,काके भाई,भूपेंद्र चौहान आदि उपस्थित रहे.कार्यक्रम का संयोजन अनूप भावुक एवं संचालन आर्य राजेश यादव ने किया.अंत में सभी ने गुरुकुल के भोजनालय में शुद्ध भोजन किया.

# पुलिस से गुंडई करने वाले भाजपा नेता अमित ठाकुर माफिया सचिन ठाकुर व साथियों पर इनाम घोषित

क्यूँ न लिखूँ सच
हारून बख्श





फर्रुखाबाद- फर्रुखाबाद पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने चौकी इंचार्ज के साथ गुंडई करने वाले भाजपा नेता व उनके साथियों की गिरफ्तारी पर इनाम घोषित किया है एसपी ने बीती देर रात खनन माफिया सचिन ठाकुर पर 25 हजार भाजपा नेता अमित ठाकुर व उनके साथी अनु चतुर्वेदी अंशुल मिश्रा उर्फ छतरी पर 15.15 हजार का इनाम घोषित किया एसपी ने इनाम घोषित करने के संबंध में जारी किए गए आदेश में कहा है कि जो अभियुक्तों को बंदी बनाएगा या बंदी करण का विरोध करने पर आवश्यक बल का प्रयोग करते हुए बंदी बनाएगा अथवा अभियुक्त के बारे में सही सूचना देगा उसे इनाम दिया जाएगा एसपी ने स्पष्ट किया है यदि आरोपी मुठभेड़ में मारा जाता है तो इनाम जांच के बाद दियि जायेगा इनाम घोषित होने की जानकारी होने पर आरोपियों के परिजनों व उनके समर्थकों में जबरदस्त हड़कंप मच गया है मालूम हो कि आईटीआई चौकी इंचार्ज सुरजीत सिंह यादव ने थाना अमृतपुर के ग्राम भवानीपुर भुवनपुर जाजपुर निवासी अमित ठाकुर पुत्र रघुपाल सिंह थाना शमसाबाद के ग्राम चिलसरा निवासी आशीष प्रताप सिंह उर्फ सचिन ठाकुर पुत्र गिरीश चंद कोतवाली फतेहगढ़ के ग्राम नेकपुर चौरासी निवासी मनु चतुर्वेदी पुत्र विमल ग्राम बिजाधरपुर निवासी अंशुल मिश्रा उर्फ छतरी पुत्र रूपेश व उनके 8-10 साथियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी पुलिस ने अपराध संख्या 187/23 धारा 147 504 506 186 336 353 7 सीएलए के तहत मुकदमा दर्ज किया सचिन ठाकुर इस समय नारायणपुर कादरी गेट में रहते हैं रिपोर्ट के मुताबिक आईटीआई चौकी इंचार्ज 20 अगस्त की मध्य रात के समय चीता मोबाइल के सिपाही अजीत सोलंकी व विवेक कुमार के साथ गस्त कर रहे थे इस दौरान चौकी इंचार्ज को कोतवाली से सूचना मिली कि बेवर रोड पर झगड़ा व फायरिंग की घटना हुई है चौकी इंचार्ज मौके पर पहुंचे उसी समय कादरी गेट थानाध्यक्ष विनोद कुमार शुक्ला भी पहुंच गए।इंस्पेक्टर शुक्ला जनपद मैनपुरी के ग्राम सगोनी निवासी शिकायतकर्ता रवि पाल पुत्र सरवन से घटना के बारे में पूछताछ कर रहे थे रवि ने पुलिस को बताया कि यहां फायरिंग नहीं हुई है ग्राम गढ़िया शराब के ठेके पर हर विजय व नितिन में कहा सुनी हुई थी पूछताछ के समय नामजद आरोपी साथियों के साथ मौजूद थे। इंस्पेक्टर पांडे, रवि को लेकर ग्राम गढ़िया में जांच करने जेल गए तभी चौकी इंचार्ज ने मौजूद लोगों से कहा कि आप लोग झूठी घटना को सत्य बनाने का प्रयास क्यों कर रहे है इसी बात से गुस्साए लोगों ने सिपहियों सहित चौकी इंचार्ज को घेर लिया उनके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगे। सभी लोगों सभी लोग रोड जाम करने लगे सरकारी कार्य में बाधा डालने वालों ने चौकी इंचार्ज से कहा कि तुम मुझे जानते नहीं हो यह कहकर काफी शोर शराबा करने लगे जिससे आम जनमानस में व्याप्त हो गया दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा गया है कि सचिन व उसके साथी अवैध खनन का कार्य करते हैं सिपाही ने घटना की वीडियो ग्राफी की। अमित ठाकुर भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष है पुलिस ने आरोपियों की तलाश में कई स्थानों पर छापे मारे पकड़े जाने के भय से आरोपी फरार हो गए पुलिस ने हर हालत में अभियुक्तों को गुंडागर्दी का मजा चखाने की तैयारी की योजना बनाई

**भाजपा ने अमित ठाकुर को पार्टी से निकाल बचाई इज्जत**

मालूम हो कि भाजयुमो के जिलापाध्यक्ष अमित ठाकुर पर मुकदमा दर्ज होने एवं आपत्तिजनक वीडियो वायरल होने पर भाजपा नेताओं में हड़कंप मच गया था भाजयुमो के जिलाध्यक्ष मयंक बुंदेला ने अमित ठाकुर को पार्टी के जिला उपाध्यक्ष पद से पद मुक्त कर दिया है भाजपा ने पहली बार पार्टी के दागी नेता पर कड़ी कार्रवाई की है

# फरीदाबाद से चुराई गई बोलेरो व मिक्सियों सहित तीन चोर



क्यूँ न लिखूँ सच
हारून बख्श

फर्रुखाबाद- फर्रुखाबाद कायमगंज कोतवाली पुलिस ने फरीदाबाद से चुराई गई बोलेरो व लाखों कीमती मिक्सी सहित तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है कोतवाली कायमगंज पुलिस ने बीती रात ग्राम पपड़ी खुर्द जिरखापुर के निकट चोरों की घेराबंदी की पुलिस ने डीएल आईएल वाई.4050 बोलोरो पिकअप को कब्जे में लेकर वाहन सवार तीन चोरों को गिरफ्तार कर लियाविनोद यादव पुत्र रमेश कुमार एवं जनपद शाहजहांपुर थाना मिर्जापुर के ग्राम लुखुरपुरा बख्तावर निवासी विपिन पुत्र रामविलास से पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की अभियुक्तों ने पुलिस को बताया कि यह पिकअप बाटा चौक फ्लाईओवर के नीचे विजय भारत ट्रांसपोर्ट कंपनी फरीदाबाद के बाहर खड़ी खड़ी थी जिसमें सुजाता कंपनी की मिक्सी रखी थी जिसको हम लोग चोरी करके लाए हैं कुछ मिक्सियां हम लोगों ने थाना कमालगंज के ग्राम संतोषपुर निवासी मुनेश पुत्र हरनाथ एवं कोतवाली कायमगंज के ग्राम रजपालपुर निवासी राकेश गंगवार उर्फ मुखिया पुत्र पुत्तूलाल के घर पर छिपाई है पुलिस ने आरोपियों की निशा देवी पर मुनेश्वर के घर से 35 सुजाता मिक्सर एवं राकेश के घर से 44 मिक्सी बरामद कर ली कोतवाली कायमगंज के सीओ सोहराब आलम ने कोतवाली कायमगंज में मीडिया को यह जानकारी देते हुए बताया की बरामद 82 मिक्सरों की कीमत 7 लाख से अधिक की है

# राष्ट्रीय शिक्षुता मेले का आयोजन 30 अगस्त को




क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा-प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अरविंद कुमार ने बताया है कि राजकीय आई0टी0आई0एटा में राष्ट्रीय शिक्षुता मेंले का आयोजन दिनांक 30 अगस्त, 2023 को प्रातः 10.30 बजे से सांय 03.00 बजे तक किया जा रहा है जिसमें PICL India Ltd, Faridabad (Motor Manufacturing) कम्पनी प्रतिभाग करेंगी जिसमें मुख्य रूप से इलैक्ट्रीशियन, फिटर, टर्नर, वायरमैन, मोटर मैकेनिक, मशीनिष्ट, मैकेनिक इलैक्ट्रोनिक्स व्यवसायों से आई0टी0आई0 / डिप्लोमा उत्तीर्ण ( पुरुष ) अभ्यर्थी जिनकी आयु न्यूनतम 14-35 वर्ष है और वह अप्रैन्टिस प्रशिक्षण / रोजगार के इच्छुक हैं वह आयोजित मेले में अपना रिज्यूम व समस्त शैक्षिक / तकनीकी मूल प्रमाण पत्र एंव उसकी छाया प्रतियों का एक सैट, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज 2 फोटो व बैंक पास बुक की फोटो कापी तथा रिज्युम के साथ इस मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं। मेले में प्रतिभाग करने हेतु किसी भी प्रकार का कोई भत्ता देय न होगा। अधिक जानकारी के लिए संस्थान में सम्पर्क कर सकते हैं।

# हमने 20 सालों से पन्ना जिला में बहुत विकास किया

क्यूँ न लिखूँ सच
घनश्याम प्रसाद शर्मा



देवेंद्र नगर - चिल्ड्रन पार्क में भारतीय जनता पार्टी की मीटिंग हुई जिसमें सभी पत्रकारों को बुलाया गया तथा पत्रकारों के द्वारा कई तीखे प्रश्न किए गए जिसमें रट्गमन रथ गवाह और दौन्न टोला की रोड का जिक्र हुआ सरकारी अस्पताल में डॉक्टरों का ना होना एसडीएम कोर्ट होना और कॉलेज में विज्ञान संकाय ना होना इन सभी बातों पर चर्चा हुई इसमें निराकरण करते हुए कहा गया कि हमने 20 सालों से पन्ना जिला में बहुत विकास किया है सरकार बनते ही जो काम शेष रह गए हैं उनको तुरंत पूरा किया जाएगा इसमें सम्मिलित सदस्य गण श्री एसडीएम बागड़ी राजेश पूर्व विधायक राजेश वर्मा रामेश्वर गुप्ता प्रियवत गौतम बिलसाय से पंकज पांडे बड़वारा से ओम शर्मा आदि अनेक सदस्य सम्मिलित रहे

# अवागढ़ किले से जितेंद्र पाल सिंह धोखाधड़ी में गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा



एटा-आगरा। आरबीएस एजुकेशन सोसाइटी का फर्जी नियुक्त पत्र बनाने के आरोप में न्यू आगरा पुलिस ने अवागढ़ (एटा) के जितेंद्र पाल सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अवागढ़ किले में दबिश देकर आरोपित को पकड़ा गया। आरोप है कि उन्होंने संस्था के पदेन अध्यक्ष जिला जज (तत्कालीन) के फर्जी हस्ताक्षर से कूटरचित नियुक्ति पत्र तैयार किया था। जिसके आधार पर वह नौ माह तक संस्था में उपाध्यक्ष के पद पर तैनात रहे। इस दौरान उन्होंने तमाम शिकायतें करके कई विवाद खड़े किए। इस संबंध में जनवरी 2023 में न्यू आगरा थाने में मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। पुलिस ने जांच और साक्ष्य संकलन के बाद आरोपित के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की है।

# सीआईएसएफ कांपलेक्स में धूमधाम से मनाया गया संरक्षिका दिवस

क्यूँ न लिखूँ सच
प्रदीप कुमार तिवारी



पानीपत -रिफाइनरी स्थित सीआईएसएफ कांपलेक्स में संरक्षिका दिवस धूमधाम से मनाया गया । इस अवसर पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल जवानों की महिलाओं और बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए । जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में रिफाइनरी के कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख एम.एल. डहरिया ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की । डहरिया ने उपस्थित महिलाओं और जवानों को संबोधित करते हुए कहा सीआईएसएफ जवानों की महिलाओं के उत्थान के लिए कार्य करने वाली संरक्षिका टीम बधाई की पात्र है । जिनके द्वारा आज एक सफल सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । उन्होंने कहा कि सीआईएसएफ में पूरे भारत के सभी राज्यों के जवान रहते हैं । आज यहां अनेकता में एकता का समागम देखने को मिला है । यहां विभिन्न प्रदेशों की महिलाओं ने अपने राज्य की संस्कृति को सभी के सामने बहुत अच्छी प्रकार से प्रदर्शित किया है । इससे पहले कार्यक्रम में पहुंचने पर मुख्य अतिथि एम.एल.डहरिया को डिप्टी कमांडेंट विजय कुमार ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया ।और कहा कि कार्यकारी निदेशक महोदय सीआईएसएफ जवानों को किसी प्रकार की समस्या नही आने देते और यदि किसी प्रकार की समस्या आ भी जाए तो उस समस्या का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करवाते हैं । संरक्षिका प्रमुख मीनू चौधरी ने बताया कि संरक्षिका 26 अगस्त 2014 को अस्तित्व में आई और जिसका उद्देश्य केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल जवानों की महिलाओं के उत्थान के लिए कार्य करना है । वंही संरक्षिका द्वारा समय-समय पर महिलाओं के लिए विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन भी किया जाता है ।इस अवसर पर तरुण कुमार बिसई मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन , सुदीप्ता बिसई , सहायक कमांडेंट पुष्पा देवी , सहायक कमांडेंट लोकेश चंद आदि सहित सैकड़ो की संख्या में बल सदस्य और महिलाएं उपस्थित रही । फोटो फाइल - सांस्कृतिक कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन करते कार्यकारी निदेशक एम.एल.डहरिया एवं अन्य । बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित करते संरक्षिका प्रमुख मीनू चौधरी एवं अन्य ।

# केबिनेट मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल का रीवा आगमन पर हुआ भव्य स्वागत

क्यूँ न लिखूँ सच
प्रदीप कुमार तिवारी



रीवा - केबिनेट मंत्री बनने के उपरांत श्री राजेन्द्र शुक्ल का आज दोपहर रीवा नगर आगमन हुआ। श्री शुक्ल के मंत्री बनने के बाद प्रथम नगर आगमन पर जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। मंत्री श्री शुक्ल मैहर से प्रस्थान कर रीवा पहुंचे। मैहर से रीवा के मार्ग में श्री शुक्ल का कई स्थानों पर स्थानीय जनों ने स्वागत अभिनंदन किया। रीवा शहर के प्रवेश स्थल चोरहटा बाईपास से श्री शुक्ल के निवास अमहिया तक जगह-जगह बनाए गए स्वागत मंचों में स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान सांसद श्री जनार्दन मिश्र, विधायक सेमरिया श्री केपी त्रिपाठी भी श्री शुक्ल के साथ उपस्थित रहे।

## मोहल्ला हेतराम सिंह नगर में हो रहे सड़कों के विकास कार्य का निरीक्षण किया



क्यूँ न लिखूँ सच
लवकुश ठाकुर
भोपाल रीवा- भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा सेक्टर प्रभारी सिधौली ठाकुर राकेश कुमार सिंह सिधौली वार्ड नंबर 5 का मोहल्ला हेतराम सिंह नगर का भ्रमण किया जो सदके नगर निगम द्वारा बनवाए जा रही है

उन सड़कों का निरीक्षण किया भाजपा किसान मोर्चा के काद्यावर नेता ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहा है कि नगर निगम में कहीं पत्र रस्ताओं को बनवाने के लिए दिए गए थे उसमें पूरी तरह से सफलता मिली है विकास विकास कार्य भी तेज गति से हो रहा है नालियों का निर्माण कार्य चल रहा है विकास कार्य होने पर क्षेत्र की जनता में काफी उत्साह नजर आ रहा है नगर आयुक्त से बातचीत की गई थी अवर अभियंता अंबरीश वर्मा एवं हैदर साहब नगर निगम के दोनों अधिकारियों की देखरेख में विकास कार्य हो रहा है ठेकेदार नगर निगम अवधेश कुमार शर्मा इस कार्य को कर रहे हैं भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष महानगर भाजपा सेक्टर प्रभारी सिधौली ठाकुर राकेश कुमार सिंह की सिफारिश पर या विकास कार्य हो रहा है

## किसान यूनियन कार्यालय पर विशाल जनसभा का आयोजन किया गया

क्यूँ न लिखूँ सच
लवकुश ठाकुर
रीवा -भारतीय किसान यूनियन भानू की विशाल जनसभा का आयोजन अकराबाद के नानऊ पुल किसान यूनियन कार्यालय पर विशाल जनसभा का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय किसान यूनियन भानू के राष्ट्रीय अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह मौजूद रहे जिसमें किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर आवाज उठाई व कुछ जिला व प्रदेश स्तरीय नेताओं की पदोन्नति की जिसमें अकराबाद की काफी समय से राजनेताओं के काफी प्रयास के बाद चली आ रही समस्या का अकराबाद स्थानीय मौजूदा लोगों द्वारा तहसील की लगातार मांग को उठाया जा रही है लेकिन इस समय राजनेता भी चुप्पी साधे हैं जिसकी अहम पहल के लिए भारतीय किसान यूनियन भानू राष्ट्रीय अध्यक्ष समेत अलीगढ के किसान नेता व सभी पदाधिकारी नई तहसील के लिए आंदोलन करेगे व जल्द से जल्द आंदोलन की घोषणा की जयेगी व केंद्र व राज्य सरकार जल्द अकराबाद की तहसील की घोषणा करें अन्यथा जल्द आंदोलन की तैयारी की जायेगी व किसान नेता अशोक सिंह व सुभाषपा जिला




अध्यक्ष अमित जादोन व किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष किशन सिंह ने तहसील संदर्भ में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सोपा व भानु प्रताप सिंह ने कहा मौजूदा सरकार में योगी बाबा के अलावा सभी नकारा नेता हैं होने पर 2024 का चुनावी बिगुल राष्ट्रीय क्रांति दल के साथ चुनावी जग किसान नेताओं के साथ सरकार का सामना किया जाएगा सभा में उपस्थित रहे मौजूद किसान नेता कार्यक्रम आयोजक व प्रदेश उपाध्यक्ष ठा अशोक सिंह व राष्ट्रीय महासचिव ठा प्रेमपाल सिंह व प्रदेश संगठन मंत्री उत्तर प्रदेश सरवन बघेल प्रदेश व प्रवक्ता अनिल पंडित जी व प्रदेश महासचिव भूपेंद्र शर्मा व अलीगढ़ मंडल मीडिया प्रभारी अमित जादौन व जिला संगठन मंत्री मोयुदीन खान व जिला सचिव राहुल ठाकुर व जिला संगठन मंत्री गजेपाल सिंह व जिला महासचिव जितेंद्र सिंह व तहसील कोल उपाध्यक्ष किशन सिंह हैदर नगर व जिला उपाध्यक्ष छात्रसंघ अलीगढ़ दानिश मलिक व कुलदीप सिंह व रमन चौधरी अरविंद सिंह सुदेश पाल सिंह बालूखेड़ा कुशवीर सिंह विकासआदि तमाम किसान नेता ने जोशीला स्वागत किया भारी मात्रा में मौजूद रहे

## मुख्यमंत्री जी का सपना की सभी गोवंश गौशालाओ में सुरक्षित हो जाएं अधूरा ही रह जाएगा

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा
एटा- विश्व हिन्दू परिषद गौ रक्षा विभाग के ब्रज प्रांत के प्रांत अध्यक्ष अरविन्द सिंह चौहान ने कहाँ की पूरे ब्रज प्रांत में सवसे ज्यादा गोकशी की घटना धड़ल्ले से बरेली व पीलीभीत में हो रही है जिसकी सूचना निरंतर कार्यकर्ताओं द्वारा प्रशासन को दी जा रही है लेकिन उसके बावजूद भी प्रशासन के सिर पर जूं नहीं रेंग रही है इसी क्रम के चलते जिलाधिकारी पीलीभीत व जिला अधिकारी बरेली को मेरे द्वारा भी सीयूजी नंबर पर फोन किया गया लेकिन फोन नहीं उठा प्राय: देखने में आया है कि अधिकारी सूजी फोन नंबर खुद ना उठाकर अधीनस्थों से उठवाते



हैं तथा कह दिया जाता है कि अभी साहब मीटिंग में है मै आपकी बाद में बात कराता हूँ लेकिन फिर बात होती नहीं है। अगर यही स्थिति रही तो मुख्यमंत्री जी का सपना की सभी गोवंश गौशालाओ में सुरक्षित हो जाएं अधूरा ही रह जाएगा। क्योंकि देखने में आ रहा है कि ब्रज प्रांत के कुछ अधिकारी मुख्यमंत्री जी की इच्छाओं के विरुद्ध चल रहे हैं तथा कुछ अधिकारी बहुत अच्छा कार्य कर रहे हैं इस प्रकरण को माननीय मुख्यमंत्री जी को गंभीरता से लेना चाहिए तथा फोन ना उठाने वाले अधिकारियों पर तथा जो नकारात्मक सोच के अधिकारी हैं उन पर शिकंजा कसा जाये। ऐसे अधिकारी सरकार की छवि धूमल करने का कार्य कर रहे हैं । श्री चौहान ने कहां कि ब्रज प्रांत के जो अधिकारी फोन नहीं उठा रहे हैं तथा जिनकी सोच नकारात्मक है ऐसे अधिकारियों की सूची विश्व हिन्दू परिषद गौ रक्षा विभाग के द्वारा तैयार की जायेगी तथा माननीय मुख्यमंत्री जी को उपलब्ध करायी जाएगी।

## गर्भवती की लात-घूंसों से की पिटाई, गर्भ गिरा, घर से निकाला, मांग रहे बुलेट और दो लाख

क्यूँ न लिखूँ सच -लवकुश ठाकुर

रीवा -बुलेट और दो लाख रूपए की मांग पूरी न होने पर महिला को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। जुलाई में जब वह दो माह की गर्भवती थी, तो उसकी लात-घूसों से पिटाई की, जिससे गर्भ गिर गया। उसके बाद घर से निकाल दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। अतिरिक्त दहेज में बुलेट और दो लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर सुसराल वालों ने विवाहिता को घर से निकाल दिया। आरोप है कि पिटाई के दौरान उसका गर्भ भी गिर गया।

पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। गांव नुनेरा निवासी दुर्गेश पुत्री महावीर सिंह ने बताया कि मई 2023 में उसकी शादी रामप्रकाश उर्फ रामू पुत्र कन्हैया लाल निवासी अर्राना थाना खैर के साथ हुई थी। शादी में दिए गए दहेज से पति रामप्रकाश, सास गुड्डी देवी, चचिया ससुर केसर देव और उसकी पत्नी, जेठ आशू , जेठानी ऊषा, ननद मंजू देवी व ननदोई गुड्डू संतुष्ट नहीं थे। अतिरिक्त दहेज में दो लाख रुपये और बुलेट की मांग करने लगे। आरोप है कि मांग पूरी न होने पर सभी ने दुर्गेश को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। जुलाई में जब वह दो माह की गर्भवती थी, तो उसकी लात-घूसों से पिटाई की, जिससे गर्भ गिर गया। उसके बाद घर से निकाल दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## अभियान के अंतर्गत जनपद में थाना खैरीघाट पुलिस द्वारा सर्वाधिक 22 नफर वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार





क्यूँ न लिखूँ सच
अमरीक सिंह
बहराइच- पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद बहराइच श्री प्रशांत वर्मा द्वारा पूर्व से वांछित चल रहे वारंटी अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु दिये गये दिशा निर्देश के अनुपालन के क्रम में पुलिस अधीक्षक महोदय ग्रामीण श्री पवित्र मोहन त्रिपाठी व न क्षेत्राधिकारी महोदय महसी श्री जय प्रकाश त्रिपाठी के निर्देशन में थानाध्यक्ष महोदय थाना खैरीघाट श्री कमल शंकर चतुर्वेद्वी के कुशल नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा जनपद में सर्वाधिक कार्यवाही करते हुए

भिन्न भिन्न प्रकरणों में वांछित चल रहे 22 नफर अभियुक्तो को पुलिस हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय सदर बहराइच के समक्ष पेश करने हेतु रवाना किया गया।

## मन की बात कार्यक्रम में पीएम मोदी ने की यूपी की सराहना, सीएम योगी ने जताया आभार

प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लाइव सुना और यूपी की प्रशंसा करने के लिए उनका आभार जताया। पीएम मोदी ने अपने कार्यक्रम में जी-20 क्विज, वाराणसी दुग्ध समूह और वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में पदक जीतने वाली प्रदेश की बेटियों की तारीफ की।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को रेडियो प्रसारण कार्यक्रम मन की बात में एक बार फिर उत्तर प्रदेश की सराहना की। उन्होंने वाराणसी में जी-20 क्विज,वाराणसी दुग्ध समूह और वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में पदक जीतने वाली प्रदेश की बेटियों की तारीफ की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम को लाइव सुना और ट्वीट कर प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताया।कार्यक्रम में



पीएम मोदी ने कहा कि वाराणसी में हुए जी-20 क्विज में 800 स्कूलों के सवा लाख स्टूडेंट्स की भागीदारी ने एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने वाराणसी दुग्ध समूह का जिक्र करते हुए कहा कि यह समूह हमारे दुग्ध उत्पादकों और पशु पालकों की आय बढ़ाने के संयुक्त प्रबंधन पर कार्य कर रहा है। इससे पूर्वांचल में श्वेत क्रांति का संकेत मिलता है। साथ ही कार्यक्रम में उन्होंने वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में तीरंदाजी में पदक जीतने वाली उत्तर प्रदेश की प्रगति और 20 किमी. रेस वॉक टीम का हिस्सा रही प्रियंका से भी बात की। पीएम ने दोनों खिलाड़ियों का अनुभव जाना और उन्हें बधाई दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मन की बात कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश से संबंधित विषयों का उल्लेख करने पर पीएम मोदी का आभार जताया। उन्होंने एक ट्वीट थ्रेड में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी में आयोजित हुए जी-20 क्विज में 800 स्कूलों के 1.25 लाख विद्यार्थियों की भागीदारी से बने विश्व रिकॉर्ड की आज मन की बात कार्यक्रम में सराहना की है। जी-20 कार्यक्रमों के प्रति नई पीढ़ी की यह रुचि और उनमें उसकी सहभागिता देश के विकास का प्रतिबिंब है।

प्रधानमंत्री जी का हार्दिक अभिनंदन! दूसरे ट्वीट में सीएम योगी ने कहा कि वैश्विक पटल पर मां भारती को गौरवभूषित करते हुए वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में पदक जीतने वाली प्रदेश की बेटियां प्रगति और प्रियंका देश का गौरव हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मन की बात कार्यक्रम में इन बेटियों के उल्लेख से लाखों युवाओं को प्रेरणा मिलेगी। हार्दिक आभार प्रधानमंत्री जी! इसके बाद सीएम योगी ने वाराणसी दुग्ध समूह की सराहना पर पीएम मोदी का आभार जताते हुए ट्वीट किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में, उत्तर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार ने डेयरी सेक्टर को नई ऊंचाइयां प्रदान की हैं। मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा वाराणसी मिल्क यूनियन के माध्यम से वाराणसी सहित आसपास के क्षेत्र के अन्नदाता किसानों के जीवन में आई समृद्धि और उनकी आय में निरंतर हो रही वृद्धि का उल्लेख इसका प्रमाण है। एक अन्य ट्वीट में सीएम योगी ने कहा कि %विकसित भारत के विजन और मानव-कल्याण के दृष्टि-पथ मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मेरी माटी, मेरा देश के अंतर्गत सितंबर में देश के गांव-गांव में, हर घर से मिट्टी जमा करने के अभियान और अक्टूबर में अमृत कलश यात्रा में सम्मलित होने का आह्वान किया है। आजादी के अमृत काल में देश को एकात्मता के सूत्र में पिरोने की यह पावन यात्रा एक भारत-श्रेष्ठ भारत के भाव के साथ 140 करोड़ देशवासियों को जोड़ने जा रही है।

## जन परिषद आष्टा चैप्टर द्वारा आयोजित संस्था की आम सभा एवं सम्मान समारोह स्थानीय स्टार गार्डन में आयोजित किया गया

क्यूँ न लिखूँ सच
मो.खालिद खान(लाला)
आष्टा - मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व डीजीपी एनके त्रिपाठी एवं मिस इंडिया टूरिज़्म सौंदर्य गर्ग,मिसेज एमपी प्रगति सेठ, संयोजक एवं वरिष्ठ पत्रकार रामजी श्रीवास्तव, प्रांतीय सचिव नितिन सक्सेना, सचिव मनोहर लाल पंजाबी नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं विधायक प्रतिनिधि राय सिंह मेवाडा, संस्था के वरिष्ठ सदस्य एवं लीगल एडवाइजर हाई कोर्ट इंदौर के वकील मनोहर सिंह पंडितया के विशेष आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार जन परिषद आष्टा के अध्यक्ष रऊफ खान लाला ने किया, वही सम्मानित होने वाले अतिथियों का परिचय आष्टा जन परिषद की महिला विंग अध्यक्ष डॉक्टर सुरुचि सिंह ने दिया,अतिथियों का स्वागत महिला भाजपा की जिला अध्यक्ष श्रीमती रितु जैन, महिला कांग्रेस के जिला अध्यक्ष श्रीमती गुलाब भाई ठाकुर,ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र शोभाखेड़ी, समाजसेवी श्रीमती हेमलता चौहान, कांग्रेस अध्यक्ष जाहिद गुड्डू तोशीब बाबा,




शेख फेज, फारूक पटेल, पत्रकार शोएब शेख,वरिष्ठ पत्रकार ज़हूर मंसूरी,इसराइल मंसूरी ,सागर अली, तारिक महमूद, नवाब बेरी,नफीस शाह, नफीस काजल ,अश्करा रकीब भाई ,राशिद भाई ,सलमान भाई , अंसार भाई ने फूल माला से अतिथियों का स्वागत किया इस सम्मान कार्यक्रम में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अतुल उपाध्याय को ग्रामीण क्षेत्र में अपने सर्विस काल में 70000 रिकॉर्ड मोतियाबिंद के मरीज का चेक अप करा कर विभिन्न संस्थाओं में आंख के ऑपरेशन करवा कर उन्हें निशुल्क चश्मा देकर सही मायने में पीड़ित मानवता की सेवा की है ,उनकी निस्वार्थ भाव से सेवा से हजारों लोगों की आंखों में रोशनी बढ़ाने का काम किया नेत्र संबंधी सुविधाओं के विस्तार और शोध के लिए थीम्स इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी फ्रांस के डॉक्टरों द्वारा पी एच डी की उपाधी से समानित किया है नेत्र संबंधी सुविधाओं के विस्तार और शोध के लिए थीम्स इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी फ्रांस के नाम चेंज डॉक्टरों द्वारा पीएच दी की उपाधि से अलंकृत किये जाने पर उन्हें परिषद द्वारा प्रतीक चिन्ह और माला से संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व डीजीपी द्वारा तालिया के बीच सम्मान किया गया, वहीं आष्टा तहसील के ग्राम मेना निवासी दसवीं की छात्रा गरीब परिवार बालिका जिन्हें दोनों आंखों से दिखाई नहीं देता है उस बिटिया ने दसवीं की परीक्षा में 78त्न प्रथम श्रेणी में परीक्षा पास करने पर समूचे स्टेज ने करतल ध्वनि से उन्हें दसवीं की परीक्षा में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने पर बधाई दी और उन्हें आमंत्रित कर प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया,वही शासकीय आयुष चिकित्सक डॉक्टर शाइनी अंजुम को क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा करने ग्रामीण क्षेत्र में आयुष कैंप लगाकर अनेक प्रकार की बीमारी से बचाव एवं इलाज निस्वार्थ भाव से करने के लिए मुख्य अतिथि एवं मिस इंडिया सौंदर्य गर्ग द्वारा सम्मानित किया गया,अपने उद्बोधन में संथा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि जन परिषद एक गेर राजनितक संस्था होकर सामाजिक सरोकार सेवा करने वालों को हमेशा मोटिवेट करने का कार्य करती है,क्षेत्र की प्रतिभावों को समाज एंव देश के लिए उत्कृष्ट कार्य करने पर उन्है सम्मानित करती है ताकि युवाओं को प्रेरणा मिले,संस्था के राष्ट्रीय संयोजक ने कहा कि भारत मे जन परिषद के 206 चेप्टर हैं और विदेशों में सात चेप्टर काम कर रहे हैं, पीड़ित मानवता के लिए कार्य करने वाली संस्थाएं निस्वार्थ भाव से सेवा करने वालो को सही रास्ता दिखा कर समाज और देश मे सामाजिक समरसता को बढ़ावा देकर अमन का संदेश पहुंचाए,लाचार ओर प्रतिभावान लोगों को अपने पैरों पर खड़ा करने के लिए प्रेरित करें, उन्होंने सराहनिय कार्य करने वालों को बधाई दी,मिस इंडिया डॉक्टर सौंदर्य गर्ग ने महिलाओं और छात्र छात्राओं को आगे आने के लिए लक्ष्य निर्धारित कर काम करने के लिए आव्हान किया,इस अवसर पर युवा समाज सेवी शेख अशफाक को राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री त्रिपाठी जी की आज्ञा से राष्ट्रीय संयोजक रामजी श्रीवास्तव द्वारा आष्टा चेप्टर का सचिव नॉमिनेट करने की घोषणा कर उन्है बधाई दी,वही नगरपालिका अध्यक्ष एंव विधायक प्रतिनिधि रायसिंग मेवाड़ा ने भी प्रेरणा दायक उद्बोधन देकर उत्कृष्ट कार्य करने वालों का स्वागत कर अपने विचार प्रकट किए,अंत मे आभार प्रदर्शन वरिष्ठ पत्रकार आष्टा जन परिषद अध्यक्ष रऊफ खान लाला ने किया।

सुपर जोइनिंग वीक
उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड,छतीसगढ़ पंजाब का तेजी से बढता आपका अपना
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच & KNLS Live
आवश्यकता है भारत के सभी राज्यों से
रिपोर्टर,विज्ञापन प्रतिनिधि की
12 पेज का फुल अखबार
एक बार कॉल अवश्य करे
9027776991
प्रसारित क्षेत्र - उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड,छतीसगढ़ पंजाब बाकि राज्यों से जल्द प्रसारित


# Wear this kind of jewelry on every occasion, whether it is wedding or festival, beauty will increase

Imitation jewelry looks exactly like the original jewelry. Different ornaments are also present in it and if you want, you can get a special look even by wearing the complete set. Imitation jewelry that looks like real jewelry can also add beauty to your beauty. It is also called 'custom jewelry' or 'fake jewelry'. Plastic, glass, stone, metal and wood are used in these ornaments. These ornaments are comfortable and can be worn on different occasions. Kundan Necklace- It is made of gold, silver and stars. It usually has intricate work in vibrant colors and studded with pearls or gems. Kundan necklaces are generally worn on special occasions, such as weddings, festivals and traditional celebrations. These are available in many designs. Stackable Bangles- Bangles are a staple of Indian jewelry and they come in a variety of styles and designs. Stackable bangles are in trend this year. These bangles are made from imitation materials like metal and glass. These usually come in different colours, designs and patterns and when worn in the hand, will make your outfit more attractive. Earrings- Indian Polki These are usually moon shaped and designed using Polki stones. Polki stones are also added along with pearls, kundan and gold elements. They can be worn with traditional as well as modern outfits and come in different sizes and designs. Semi-Bridal Sets - These are designed for Indian weddings and special occasions. This set usually includes necklace, earrings and tika. Polki refers to uncut diamonds, which are set in gold or silver plated metal. The combination of polki and colored gems makes for an attractive ensemble that matches well with traditional bridal attire. Waist Belt- Kundan waist belt is also known as Kamarband. It is a traditional jewelry accessory, which adds elegance to the bridal attire. It is often made in gold or silver in attractive and luxurious designs. Kundan waist belts can be a great way to mix your traditional and modern style. It gives a royal look. Diamond gives a trending look- Jewelery designer Sangeeta says, gold, silver and diamond jewelery have been worn for centuries. Nowadays, by changing their design, they are given a modern look. These ornaments are made according to women of all ages. These are made by using uncut diamonds and diamonds, as diamond gives a trending look to the jewellery. They can also be made using precious stones like ruby, emerald, topaz, pearl, sapphire etc. These ornaments are not traditional for weddings, but are also being made to give formal look to working women.




# Does eating cashews really increase weight? know the truth

Cashew Benefits Eating cashews can be very beneficial for your health. Nutrients like Vitamin-C, Potassium, Fiber, Iron, Zinc are found in it. Which protects from many health related problems. It is a good source of energy. Cashews also help in keeping digestion healthy but many people believe that eating cashews leads to weight gain. Consuming cashews and other nuts reduces the risk of heart disease. Healthy fats are found in cashews, due to which the cholesterol level remains normal. Eating cashews strengthens the digestive system. It is a common belief that eating cashews leads to weight gain but it is completely wrong. Eating cashew nuts in moderation helps in weight loss. Cashew is such a dry fruit that everyone eats with great enthusiasm. Some people also use it as a snack, in vegetable purees. Apart from this, it is used to prepare vegetables or make sweets. Protein, minerals, healthy fats are found in cashew, which is beneficial for keeping the heart healthy. Your digestion is also good by consuming cashews daily. If cashews are eaten in the right quantity, then it does not increase your weight. But if you include more in your diet than necessary, then the weight increases. Cashews are beneficial for heart health. Consuming cashews and other nuts reduces the risk of heart disease. Consumption of cashew nuts in small amounts helps in reducing the level of LDL in the body. Also, healthy fats are found in cashews, which keeps cholesterol levels normal in the body. Due to which you can reduce the risk of heart disease like heart attack etc. Helpful in reducing weight- Many types of vitamins and nutrients like magnesium are found in cashews, which give energy to the body. Also helps in glucose metabolism. The intake of magnesium present in it helps in weight loss. If you include cashews in your snacks, then you will feel less hungry for the whole day because cashews keep your appetite under control, it will not increase your weight. Beneficial for digestion- Eating cashew nuts strengthens the digestive system, because a good amount of fiber is found in it. Fiber keeps digestion right and increases metabolism, which also keeps weight under control.



# Stuffed paratha will not tear while rolling, follow these tips to make it easily

Parathas are made every day in the kitchen of Indian homes. People like to eat paratha from morning breakfast to lunch or dinner. At the same time, people like stuffed paratha a lot. Stuffed parathas include many types of parathas, such as potato parathas, paneer, onion, dal, radish, spinach or bathua parathas, etc. Vegetables, pulses or paneer are stuffed in the paratha and it is cooked. They are delicious to eat, but there is often trouble in making them. The paratha often gets torn while rolling out stuffing matter in the flour dough. This brings out the masala. Many times the stuffing of paratha gets gathered at one place while rolling and the middle often feels like a thick roti. This is how the fun of stuffed paratha becomes gritty. If you want to make stuffed paratha, then you can make nice, soft stuffed paratha by adopting some easy methods. The paratha will not tear while rolling and the masala will not come out. Tips for making stuffed paratha - When kneading the dough for making stuffed paratha, knead it a little tight. Stuffed paratha with tight flour makes nice and soft. When stuffing is to be filled in the dough to make paratha, keep the edges and middle thick while spreading it. This prevents the masala from bursting out while rolling. While stuffing, fill the paratha by pressing it lightly with your hands. When rolling out the stuffing dough, use flour on both sides of the dough. This will make it easier to roll the paratha. While making stuffed paratha, mix salt in the flour and knead it and use less salt in the stuffing. Salt releases water and excess salt in the stuffing will make the dough soggy and tear while rolling. - Often people roll the dough with more spices due to their preference for stuffing in the paratha, due to which the paratha bursts. If you make more stuffing, then spread it with the help of hands. After spreading the paratha dough with hands, apply some flour and roll it once with a rolling pin. By doing this the paratha will not break. Do not use too much rolling pin while rolling the stuffed paratha.



# Do not eat these things with tea, it can cause serious harm

Health Tips Often people start their day with a cup of tea. Many people are so fond of tea that they want a cup of tea every one or two hours. Many times like to eat pakoras and biscuits with tea. But do you know it can be harmful to your health. So let's know which things should not be consumed. Many times we consume some such things with tea, which are dangerous for our health, never drink water immediately after tea. Eating spinach fritters with tea is not good for health. It would not be wrong to say that more than half of the people of the country are crazy about tea. People start with a cup of tea. Some people even say that if they do not drink tea, then their day does not start at all. We all eat something or the other with tea, whether it is a biscuit or a mixture. Many times, along with tea, we consume some such things, which are dangerous for our health. So let's know, what things should not be consumed with tea. Spinach fritters - You will be surprised to know that eating spinach fritters with tea is not good for health. Actually iron is found in abundance in spinach. Tea contains tannins and oxalate compounds, which inhibit iron absorption in the body. So do not eat iron rich foods with tea. Biscuits- Most people like to eat biscuits with tea, but this food combination can be harmful for your gut health. In fact, biscuits are made by mixing flour and sugar, so consuming extra sugar and flour with tea is not good for the stomach. Due to this you may have digestive problems like constipation, acidity. Avoid consuming lemon- Consuming lemon after drinking tea or with it is also not good for health. Actually consuming lemon with tea makes the tea more acidic, which causes acidity and digestive problems. Do not drink water after tea- One should never drink water immediately after tea or should not consume cold things like ice cream at all, it spoils the digestive system and causes stomach problems.

